वर्ष : 03 अंक : 97 लखनऊ, सोमवार 20 मई 2024 www.dailyjantaconnection.com EMail:jcnews240@gmail.com पृष्ठ : 4 , मूल्य : 1.00 रुपए

**सुविचार**

ऐसा मत बदलो कि लोग तुम्हें पसंद करने लगें, बैसे रहो और सही लोग तुमसे प्यार करेंगे।

**तापमान** डिग्री सेल्सियस

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 42.0 |
| न्यूनतम | 28.0 |
| सूर्योदय | 05.16 |
| सूर्यास्त | 06.50 |

हिन्दी दैनिक

# जनता कनेक्शन



# पांचवां चरण : चौदह सीटों पर मतदान आज

## राजनाथ, स्मृति ईरानी, राहुल गांधी, निरंजन ज्योति, भानु प्रताप, कौशल किशोर की प्रतिष्ठा दांव पर

जनता कनेक्शन

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर सोमवार को मतदान होना है। इसके साथ ही लखनऊ पूर्व की रिक्त सीट पर भी मतदान होगा। 14 सीटों पर कुल 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन 14 सीटों में से 13 सीटें अभी भाजपा के पास हैं जबकि एकमात्र रायबरेली सीट कांग्रेस के पास है। पांचवें चरण में मुख्य रूप से लखनऊ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रायबरेली से कांग्रेस के राहुल गांधी व भाजपा से योगी सरकार के उद्यान राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, अमेठी से स्मृति इरानी, मोहनलालगंज से केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री कौशल किशोर, फैजाबाद सीट से भाजपा के लल्लू सिंह व सपा से नौ बार के विधायक अवधेश प्रसाद चुनाव मैदान में हैं। कैसरगंज से बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह, फतेहपुर से केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, सपा से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल व झांसी सीट से कांग्रेस के प्रदीप जैन आदित्य मुख्य रूप से लड़ रहे हैं। भाजपा ने 12 सीटों पर प्रत्याशी रिपीट किये हैं। दो सीटों बाराबंकी सुरक्षित और कैसरगंज में नए प्रत्याशी मैदान में हैं। बीती 13 मई को प्रदेश में चौथे चरण में वोटिंग प्रतिशत 58.22 रहा। एनडीए, इंडिया ब्लॉक और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) द्वारा अपने उम्मीदवार मैदान में उतारने से त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। भाजपा इस चरण में क्लीन स्वीप के साथ 12 सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाना चाहेगी। इस चरण में जिन सीटों पर चुनाव होगा, उनमें 2019 में रायबरेली छोड़कर बाकी सभी सीटें भाजपा ने जीती थी।

**सुबह सात बजे से होगा मतदान, लखनऊ के 456 मतदान केन्द्रों के 1895 बूथों पर 2172171 मतदाता डालेंगे वोट**

पांचवें चरण में 14 सीटों पर चुनाव होना है। जिसमें लखनऊ, फैजाबाद, रायबरेली, अमेठी, मोहनलालगंज, गोण्डा, बाराबंकी, कैसरगंज, बांदा, हमीरपुर, जालौन, फतेहपुर, झांसी और कौशाम्बी संसदीय सीटें शामिल हैं। इसमें से 10 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और चार अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इन सभी लोकसभा क्षेत्रों के लिए 144 प्रत्याशी चुनाव के मैदान में हैं।

**विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ पूर्व में कुल 4 लाख 64 हजार 510 मतदाता हैं, जिसमें 2 लाख 42 हजार 937 पुरूष तथा 2 लाख 21 हजार 558 महिला एवं 15 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। 417 मतदेय स्थल हैं, जिनमें 15 क्रिटिकल तथा 86 मतदान केन्द्र हैं। कुल 4 प्रत्याशी मैदान में हैं। 246 वेबकास्टिंग बूथ हैं।**

लखनऊ संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सपा से रविदास मेहरोत्रा, बसपा से सरवर मलिक चुनाव मैदान में हैं। अयोध्या सीट से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह, सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद, बसपा से सच्चिदानन्द पाण्डेय, सीपीआई से पूर्व आईपीएस अरविन्दसेन यादव चुनाव मैदान में हैं। बसपा और सीपीआई यहां पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। रायबरेली में कांग्रेस से राहुल गांधी, भाजपा से दिनेश प्रताप सिंह, बसपा से ठाकुर प्रसाद यादव चुनाव मैदान में हैं। अमेठी में भाजपा से केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, कांग्रेस से के एल शर्मा, बसपा से नन्हें सिंह।

मोहनलालगंज से केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर, सपा से आरके चौधरी, बसपा से राजेश कुमार। गोण्डा में भाजपा से कीर्तिवर्धन सिंह, सपा से पूर्व केन्द्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा और बसपा से सौरभ मिश्र चुनाव मैदान में हैं।

बाराबंकी से भाजपा ने राजरानी, कांग्रेस से तनुज पुनिया और बसपा से शिव कुमार दोहरे चुनाव मैदान में हैं। कैसरगंज से करण भूषण सिंह, सपा से भगतराम मिश्र, बसपा से नरेन्द्र पाण्डेय चुनाव मैदान में हैं। बांदा से भाजपा के आरके पटेल, सपा से कृष्णा पटेल और बसपा से मयंक द्विवेदी चुनाव मैदान में हैं। हमीरपुर से भाजपा के पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल, सपा से अजेन्द्र सिंह राजपूत, बसपा से निर्दोष कुमार दीक्षित प्रमुख रूप से चुनाव मैदान में हैं।

### सभी मतदान केन्द्रों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां

लखनऊ । लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय सीट पर चुनाव कराने के लिए शाम तक सभी पोलिंग पार्टियां मतदान केन्द्रों पर पहुंच गई हैं। एलडीए और नगर निगम ने मतदान केन्द्रों पर सभी तैयारियां पूरी कर ली है। सोमवार को लखनऊ संसदीय सीट पर कुल 21 लाख 72 हजार एक सौ 71 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।



### मतदान कराने के लिये आवश्यक तैयारियां पूरी

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 49 संसदीय सीटों और ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर सोमवार को सुचारु रूप से मतदान कराने के लिये आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। चुनाव आयोग ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जायेगा और कुछ मतदान केन्द्रों में मतदान समाप्त होने की समय सीमा में परिवर्तन हो सकता है। इस चरण में 49 लोकसभा सीटों पर 695 उम्मीदवारों और ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर उतरे 265 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। ओडिशा विधानसभा की 147 सीटों में से पहले चरण में 13 मई को 28 सीटों पर मतदान हो चुका है। चुनाव आयोग ने मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये हैं। साथ ही मुख्य चुनाव अधिकारियों एवं जिला चुनाव अधिकारियों को भीषण गर्मी और लू जैसे हालात को देखते हुये उचित प्रबंधन करने के लिये पर्याप्त उपाय करने की सलाह दी गयी है। चुनाव कर्मियों को मशीनों और सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों के लिये रवाना कर दिया गया है। साथ ही यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये हैं कि मतदान आरामदायक और सुरक्षित वातावरण में हो। मतदान केंद्र पर पर्याप्त छाया, पेयजल, रैंप, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधायें हों। आयोग ने मतदाताओं से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर आने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है। आयोग की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार आठ राज्य / केंद्र-शासित प्रदेशों की कुल 49 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 8.95 करोड़ मतदाता 94,732 मतंदान केंद्रों पर वोट डाल कर 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला तय कर सकेंगे। इनमें 4.69 करोड़ पुरुष तथा 4.26 करोड़ महिला और 5409 उभयलिंगी मतदाता अपने मताधिकार शामिल हैं। इस चरण की 49 संसदीय सीटों में सामान्य श्रेणी की 39, अनुसूचित जनजाति तीन और अनुसूचित जाति की सात सीटें हैं। ओडिशा विधानसभा की 35 सीटों में सामान्य श्रेणी की 21, अनुसूचित जनजाति के लिये आठ और अनुसूचित जाति की छह सीटें हैं। आयोग ने कहा है कि मतदान और सुरक्षा अधिकारियों को पहुंचाने के लिये 17 विशेष रेलगाड़ियाँ और 508 हेलीकॉप्टर उड़ानें संचालित की गयी हैं।

# काले कारनामों से भरा पड़ा है सपा का इतिहास : योगी

सोरांव प्रयागराज। संगम नगरी प्रयागराज भी अब सुरक्षित है। आप बिल्कुल सही दिशा में बढ़ रहे हैं। आमजन, बेटी-व्यापारी, दलित-पिछड़ों की सुरक्षा में जो खतरा थे, वे सब स्वाहा यानी मिट्टी में मिल गए हैं। इससे प्रदेश और देश खुश है, लेकिन सपा के यहां मातम है। उन्हें आपकी, प्रदेश, बेटी-व्यापारी की नहीं, बल्कि अपनी राजनीति की चिंता थी। देश की कीमत पर कांग्रेस व सपा के लोग राजनीति करना चाहते हैं। सपा का इतिहास काले कारनामों से भरा पड़ा है। यह लोग लगातार अराजकता का तांडव और गुंडागर्दी करते थे।उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने सोरांव, प्रयागराज गंगापार में आयोजित जनसभा में फूलपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवीण पटेल को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि फूलपुर इतिहास बनाने वाली धरती है। फूलपुर ने उत्थान और पतन का साक्षात अनुभव किया है। प्रवीण पटेल युवा व जुझारू विधायक हैं, इसलिए भाजपा ने इन्हें सांसद प्रत्याशी के रूप में उतारा है। उन्हें इस ऐतिहासिक सीट से जिताइए।

सीएम ने कहा कि फूलपुर की मौर्य परिवार की महिला के पति की हत्या कर माफिया ने उनकी 10 बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया था। वह भटकती थी, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं होती थी। हमने उस परिवार को उनकी जमीन पर कब्जा दिलाया और कहा कि माता जी, चिंता न करो। यह भाजपा सरकार है, जो सुरक्षा भी देगी और सम्मान भी। साथ ही देशद्रोहियों व माफिया को मिट्टी में मिलाने का भी कार्य करेगी। सीएम ने कहा कि अगला वर्ष प्रयागराज कुंभ का है। हमारी तैयारी दिव्य-भव्य कुंभ की होगी। जितना विकास कार्य प्रयागराज में हुआ है, यह सिर्फ झलक है। इससे बड़ी योजना यहां के लिए लेकर आने वाले हैं। पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि गरीबों की योजनाओं को माफिया डकार जाते थे। सपा के गुंडे गरीब का मकान हड़प जाते थे, लेकिन अब भाजपा की डबल इंजन सरकार है तो बुलेट ट्रेन की स्पीड से काम और परिणाम दिख रहा है। विकास यात्रा ऐसे ही तेजी से बढ़ती रहेगी। सीएम योगी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी अनर्थ करने के लिए ही मिलती है। अयोध्या में आतंकी हमले के समय प्रदेश में सपा और केंद्र में कांग्रेस सरकार थी। संकट मोचन मंदिर, अयोध्या-वाराणसी व लखनऊ कचहरियों पर हमले के समय भी यह लोग सरकार में थे। अखिलेश यादव रामभक्तों पर गोली चलाने का समर्थन करते हैं तो दूसरी तरफ आतंकियों पर दायर मुकदमों को वापस लेते हैं। हम नारा लगाते थे कि रामलला हम आएंगे और मंदिर वहीं बनाएंगे तो सपा वाले हंसकर कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। नई अयोध्या भगवान राम के समय की लग रही है। चुनाव में एक तरफ रामभक्त-राष्ट्रभक्त की धारा है तो दूसरी धारा रामद्रोहियों की है, जो राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश के साथ गद्दारी करते हैं। सीएम ने कहा कि सपा-कांग्रेस का गठबंधन खतरनाक मंसूबों को लेकर आया है। यह औरंगजेब का जजिया कर लगाना चाहते हैं। कोई सभ्य मुसलमान अपने बेटे का नाम औरंगजेब नहीं रखता। विरासत टैक्स की घोषणा कर कांग्रेस व सपा ने साबित कर दिया कि औरंगजेब की आत्मा को जीवित कर यह हिंदुओं को तबाह करना चाहती है, लेकिन भाजपा इनकी कारस्तानी पूरा नहीं होने देगी।



सीएम ने सपा पर तंज कसा कि सरकार बनाने के लिए चाहिए 273 सीट और सपा लड़ रही है 62-63 सीट पर। सरकार तो यह वैसे भी नहीं बना पाएंगे। सिर्फ पीछे ढोल बजाते रहेंगे। 400 पार की बात पर यह लोग पूछते हैं कि कैसे तो जनता कहती है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे और माफिया को मिट्टी में मिलाएंगे। सीएम ने अपील की कि हर व्यक्ति पांच-पांच घर जाए। पांच दिन में 25 घर जाइए और प्रवीण पटेल को जिताने के लिए कमल खिलाने का कार्य करें। आपका एक वोट भारत की तकदीर व तस्वीर बनाएगा।जनसभा में फूलपुर से विधायक व भाजपा उम्मीदवार प्रवीण पटेल, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, हर्षवर्धन वाजपेयी, गुरु प्रसाद मौर्य, विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधान परिषद सदस्य निर्मला पासवान, गंगापार भाजपा की अध्यक्ष कविता पटेल, जिला प्रभारी उत्तर मौर्य आदि मौजूद रहे।

# चार जून के बाद होगी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्ती

पुरुलिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ को धमकी देने के लिए रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला करते हुए कहा कि देशवासी तृणमूल कांग्रेस नेता को उनकी खुली चेतावनी के लिए माफ नहीं करेंगे क्योंकि ये संस्थाएं मानवता के प्रति अपनी सेवाओं के लिए दुनिया भर में जानी जाती हैं। मोदी ने कहा, टीएमसी नेता को क्या हुआ? उनकी तुष्टिकरण की नीति इतनी निचले स्तर पर आ गई है कि गुरु प्रभुपाद द्वारा स्थापित इस्कॉन, स्वामी विवेकानन्द- स्थापित रामकृष्ण मिशन और स्वामी प्रणवानंद द्वारा स्थापित भारत सेवाश्रम संस्थाएं बंगाल सरकार के हमले का शिकार हो गयी हैं। उन्होंने कहा कि यह पूरे देशवासियों के लिए अस्वीकार्य है। न्होंने कहा, आज इस्कॉन, राम कृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ देश और दुनिया में अपनी सेवाओं और नैतिकता के लिए जाने जाते हैं। लेकिन आज बंगाल की मुख्यमंत्री उन्हें खुलेआम धमकी दे रही हैं... खुले मंच से चेतावनी दे रही हैं। इन मिशनों से दुनिया भर में लाखों अनुयायी जुड़े हुए हैं और इनका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ लोगों की सेवा करना है। लेकिन बंगाल सरकार ने उन पर उंगली उठायी है, उनका नाम लेकर धमकी दी है। इतना साहस, सिर्फ अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए। उन्हें खुश करने के लिए टीएमसी इतने निचले स्तर तक गिर गयी है। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि चार जून के बाद, जिस दिन लोकसभा नतीजे आएंगे, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी और उनकी जगह जेलों में होगी। मोदी ने पुरुलिया के मौजूदा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो के पक्ष में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सुश्री बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि संदेशखाली मुद्दे पर राज्य सरकार 'मां, माटी और मानुष' का भक्षण कर रही है।



उन्होंने इंडिया समूह की विफलताओं और क्षेत्र के विकास एवं उत्थान के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से पानी की कमी, आरक्षण और भ्रष्टाचार से संबंधित मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए टीएमसी की ओर से किये गये वादों और उनके कार्यों के बीच महत्वपूर्ण विसंगतियों को रेखांकित किया। पीएम ने इंडिया समूह पर दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, टीएमसी और उसके सहयोगी दल दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को दिये गये आरक्षण को छीनना चाहते हैं। बाबासाहेब अंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे। लेकिन आज, इंडिया समूह धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहता है।

प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि कर्नाटक में मुसलमानों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा आरक्षण के पुनः आवंटन सहित इस तरह की कार्रवाइयां स्थापित आरक्षण प्रणाली के लिए खतरा पैदा करती हैं।

# नौजवानों के भविष्य को बीजेपी ने अंधकार में डाला : राहुल

प्रयागराज। इलाहाबाद और फूलपुर के संसदीय सीट से क्रमशः कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह और अमरनाथ मौर्य में चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिये रविवार को राहुल गॉधी और अखिलेश यादव पहुँचे। इलाहाबाद सीट के अन्तर्गत करछना के मुंगारी में आयोजित संयुक्त जनसभा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी युवाओं को केंद्र में रखकर अग्निवीर स्कीम को कूड़ेदान में फेंकने और सेना के सभी जवानों को पूर्व की भांति पेंशन एवं कैंटीन की सुविधा देने का वादा किया। बीजेपी वालों ने सभी परीक्षाएं निरस्त करा दीं, सब प्रश्नपत्र लीक करा दिए। नौजवानों के भविष्य अंधकार में डाल दिया। न केवल नौकरी के लिए बेरोजगारों को धोखा दिया, बल्कि उनका एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया। प्रतियोगी छात्रों के गढ़ में रविवार को चुनावी जनसभा के दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कुछ इसी अंदाज में केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा।



इलाहाबाद संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में करछना के मुंगारी में आयोजित संयुक्त जनसभा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी युवाओं को केंद्र में रखकर अग्निवीर स्कीम को कूड़ेदान में फेंकने और सेना के सभी जवानों को पूर्व की भांति पेंशन एवं कैंटीन की सुविधा देने का वादा किया। कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो नौकरी के साथ सम्मान का रोजगार भी मिलेगा। बेरोजगार स्नातकों के खाते में साल में एक लाख रुपये डाले जाएंगे और उनके लिए बेहतरीन ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाएगी। वहीं, अखिलेश यादव ने भी अग्निवीर योजना पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो अग्निवीर योजना हमेशा के लिए खत्म कर दी जाएगी और फौज में पक्की नौकरी मिलेगी।

वहीं देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की लोकसभा सीट फूलपुर से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य के लिए जनसभा करने आए राहुल गांधी और अखिलेश यादव को बैरंग लौटना पड़ा। हालांकि राहुल और अखिलेश ने इलाहाबाद सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी उज्जवल रेवती रमण के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुये बीजेपी सरकार को आड़े हाथों लिया। फूलपुर लोकसभा क्षेत्र के पड़िला महादेव के मैदान में आयोजित जनसभा में कांग्रेस के राहुल गांधी पहले पहुंच गए थे। अखिलेश यादव थोड़ी देर में पहुंचे। मंच पर अखिलेश के साथ राहुल गांधी को देख कार्यकर्ताओं का जोश भयंकर गर्मी और तल्ख धूप में और भी बढ़ गया।

# यूपी बोर्ड वर्ष 2005 में भाई की जगह परीक्षा देने वाले को सजा

जनता कनेक्शन

मथुरा- यूपी बोर्ड वर्ष 2005 में भाई के स्थान पर परीक्षा देने वाले को सीजेएम उत्सव गौरव राज ने वर्ष के कारावास और हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया है. आरोपी को डीएवी हायर सेकेंड्री स्कूल में हिन्दी प्रथम की परीक्षा देते पकड़ा गया था. शासन की ओर से मुकदमे की पैरवी एसपीओ एसपी यादव द्वारा की गई. वर्ष 2005 यूपी बोर्ड की परीक्षा में 10 मार्च को डीएवी हायर सेकेंड्री स्कूल में प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिन्दी प्रथम की परीक्षा चल रही थी. कक्ष संख्या में कक्ष निरीक्षक सहायक अध्यापक ध्रुव सिंह ने छात्रों की जांच की. परीक्षा फार्म और प्रवेश पत्र पर लगे फोटो का मिलान किया, तो पता चला कि नों अलग-अलग थे. जिस छात्र को परीक्षा देते पकड़ा गया उसका नाम विजेन्द्र सिंह पुत्र उदयवीर सिंह निवासी देवनगर थाना कोतवाली था. विजेन्द्र अपने भाई चंद्रशेखर के स्थान पर परीक्षा दे रहा था. विजेन्द्र सिंह के खिलाफ गोविन्द नगर थाने में परीक्षा अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया था. गोविन्द नगर पुलिस ने विजेन्द्र को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था. मुकदमे की सुनवाई सीजेएम उत्सव गौरव राज की अदालत में हुई. एसपीओ एसपी यादव ने बताया कि अदालत ने विजेन्द्र को भाई के स्थान पर हिन्दी प्रथम की परीक्षा देने का षी करार देते हुए वर्ष के कारावास और 3 हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया है. अर्थदंड अदा नहीं करने पर उसे डेढ़ माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा. उसके द्वारा जेल में बिताई अवधि को सजा में समाहित करने के आदेश भी अदालत ने दिए हैं.

# हिंदुओं का आरक्षण किसी को नहीं लेने देंगे : सीएम

जौनपुर। सपा व कांग्रेस के रूप में रावण का जिन्न आज भी मौजूद है। इनके कारनामे रावण जैसे हैं। कांग्रेस ने कहा था कि राम हुए ही नहीं। इनके बुद्धिदाता कहते हैं कि राम मंदिर भारत में नहीं बनना चाहिए। सपा ने रामभक्तों पर गोली चलवाई। अब इनके महासचिव कहते हैं कि राम मंदिर बेकार बना है। इन पर जब प्रभु राम की कृपा नहीं हो रही तो यह ऐसा ही कहेंगे। होगा वही, जो रामलला चाहेंगे और रामलला अपने भक्त मोदी को तीसरी बार सत्ता सौंपने का निर्णय ले चुके हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने जौनपुर से भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह के पक्ष में नेशनल इंटमीडिएट कॉलेज पट्टी नरेंद्रपुर शाहगंज में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने कहा कि भय बिन होई न प्रीति। पाकिस्तान की बोली बदल गई है। उसे पता है कि यह मोदी का भारत है। घर में घुसकर मारता है। सपा के लोग रामभक्तों पर गोली चलाते थे और संकट मोचन मंदिर काशी, अयोध्या में हमला करने वाले आतंकियों के मुकदमों को वापस लेते थे। यह रामभक्त कल्याण सिंह के निधन पर संवेदना के शब्द नहीं व्यक्त करते, लेकिन पूर्वांचल के दुर्दांत माफिया के मरने पर उसके घर मातम मनाने जाते हैं। सपा और माफिया का चोली-दामन का साथ है। यह अलग हो ही नहीं सकते। हमने भी तय किया है कि उत्तर प्रदेश की धरती से रामद्रोहियों, भारत विरोधियों और गरीबों को खून चूसने वाले माफिया को समाप्त करके रहेंगे। सपा-कांग्रेस पर हमलावर योगी ने कहा कि इनकी मंशा खतरनाक है। राहुल गांधी ने कहा कि हर व्यक्ति की संपत्ति का सर्वे कराकर एक झटके में गरीबी हटा दूंगा यानी आमजन का घर, खेत-खलिहान, जेवर-पैसा व आधी जमीन सपा-कांग्रेस के गुंडे हड़पेंगे। औरंगजेब मुगल सल्तनत का सबसे क्रूर शासक था।




उसने भाई की हत्या की और पिता को कैद कर लिया। सपा-कांग्रेस के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है। यह ऐसे लोगों को मानते हैं। औरंगजेब की आत्मा दफन की जा चुकी है। भाजपा उसे फिर से जीवित नहीं होने देगी।

सीएम ने आश्वस्त किया कि भाजपा के विधायक और सांसद प्रत्याशी इतना विकास कराएंगे कि दुनिया नौकरी मांगने जौनपुर आएगी।

# पारा और काकोरी में दो युवको ने लगाई फांसी

जनता कनेक्शन

लखनऊ। राजधानी के थाना पारा और काकोरी क्षेत्र में दो युवको के आत्महत्या करने का मामला समाने आया है,जहाँ युवको ने पेड़ में गमछे से फंदा बनाफांसी लगा कर आत्महत्या कर ली मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई है। थाना पारा पुलिस के अनुसार मृतक अरविन्द रावत (25) पुत्र राकेश रावत भापटामऊ का निवासी है। रविवार सुबह उसने गांव के ही पकड़िया के पेड़ में गमछे से फांसी का फन्दा बनाकर उसमे फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पिता ने मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई है। परिजनों के अनुसार युवक रंगाई पुताई का काम करता था। वहीँ काकोरी थाना क्षेत्र में मोनू राजपूत (25)पुत्र ने गांव के बाहर आम के पेड़ में गमछे से फांसी का फंदा बना आत्महत्या कर। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार मृतक सटरिंग का काम करता था और अविवाहित था।





## सम्पादकीय

# घोर निंदनीय घटना

स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास पर की गई कथित मारपीट आप राजनीति की हिंसक कार्यशैली का एक घोर निंदनीय घटना है।

यह भरोसा करना मुश्किल हो रहा है कि 'दिल्ली का बेटा' कहे जाने वाले अरविंद केजरीवाल के रहते उनका निजी सचिव विभव कुमार महिला सांसद की बुरी तरह से धुनाई करेगा। स्वाति ने लिखित शिकायत में कहा है कि विभव ने थप्पड़ों, लात-घूसों से, उनके चेहरे, पेट एवं निजी अंगों पर अंधाधुंध प्रहार किया है।

दिल्ली पुलिस ने इस राज्य सभा सांसद के आवास पर जाकर उनके लिये बयान के बाद विभव के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। सभ्य-सम्मानजनक एवं न्यायपूर्ण व्यवहार का भरोसा पहले दिल्ली और अब पूरे देश को देने वाला परिसर एक शातिर आखेटस्थल के रूप में सामने आया है।

स्वाति ठीक से चल नहीं पा रही हैं एक वीडियो में यह दिखा है। आप की ही एक नेता इसे नौटंकी बता रही हैं। वे घटना के तुरंत बाद थाना जाने के आपातकालीन उत्साह के जैविक स्रोत में और हादसे के बाद उभरने वाली पीड़ा से उत्पन्न असहायता में जानबूझकर फर्क नहीं कर पा रही हैं।

यह प्रतिक्रिया आप की कार्यसंस्कृति की भी झलक देती है। खुद मुख्यमंत्री ने इस पर अफसोस जाहिर नहीं किया है और न उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने। जो पति की विरासत सम्हालने की कतार में दूसरे नम्बर पर हैं; एक महिला होने के नाते भी स्वाति से हमदर्दी जता सकती थीं। यहां तक कि सांसद संजय सिंह ने जो मालीवाल से बातचीत करें न्याय का भरोसा दिलाया था, वे खुद विभव के साथ देखे गए। खुद मुख्यमंत्री भी।

हालांकि स्वाति ने इस घटना की वजह नहीं बताई है पर यह लगता है कि जो कुछ और जैसे हुआ है, उसमें मुख्यमंत्री एवं उनकी पत्नी सहित उच्चस्तरीय सहमतियां हैं। एक अनुमान अंतरिम जमानत दिलाने वाले वकील को स्वाति से सांसदी छीन कर उन्हें सौंप देने का है। मुख्यमंत्री के जेल जाने के पहले और बाद में स्वाति की बगैर अनुमति की अनुपस्थिति नेतृत्व की खीझ व नाराजगी भी एक अनुमान है। तीसरा अनुमान राज्य सभा में कुछ आप सांसदों के तटस्थ बर्ताव से नेतृत्व के नाखुश होने का है, लेकिन इसे व्यक्त करने का और भी कई बेहतर तरीका हो सकता था। इसके परिणामों को किन्हीं राजनीतिक बाध्यताओं से न प्रभावित होने दिया जाए और न किन्हीं पूर्वाग्रहों से उसकी बेलाग निष्पक्षता को। कानून अपना काम करे।

# अपराधों का केंद्र

**भगवती प्र. डोभाल**

आए दिन तिहाड़ जेल, जो देश ही नहीं एशिया की भी सबसे बड़ी जेल है, बंदी सुधार-गृह की बजाय अपराधों का केंद्र बन गई है। होना तो यह चाहिए था कि अपराधी कैदियों, जिन्हें सजा देकर कारावास में भेजा जाता है, में सुधार नजर आते पर वह नहीं हो रहा है।

हाल में विचाराधीन कैदियों के बीच तू-तू, मैं-मैं में एक कैदी को जान गंवानी पड़ी। एक अफगान नागरिक कैदी ने पैने हथियार से घोंपकर उसकी जान ले ली। दीपक सोनी शकूरपुर का रहने वाला था जिसे जेल नंबर 3 में रखा गया था, जहां वह सेवक के रूप में था। वहीं 44 वर्षीय अब्दुल बशीर अखोंडजादा अफगान नागरिक है। इस कैदी को लाजपतनगर में 2019 में हत्या के प्रयास में गिरफ्तार किया गया था। सोनी डकैती डालने के इल्जाम में कैद था। इस घटना ने तिहाड़ जेल के हालात सामने ला दिए हैं।

तिहाड़ सेंट्रल जेल दिल्ली के तीन जेल परिसरों में से एक है। अन्य दो जेल परिसर रोहणी और मंडोली में हैं। तिहाड़ जेल में नौ केंद्रीय जेल हैं। इस जेल परिसर की स्थापना 1957 में हुई थी। चार सौ एकड़ में फैले इस जेल कैम्पस की स्थापना सेंट्रल जेल के रूप में हुई थी। इसमें 5200 कैदी रह सकते हैं। तिहाड़ जेल दिल्ली सरकार के अधीन आती है। आश्चर्य की बात यह है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, जो जेल के कर्ताधर्ता हैं, भी अब तिहाड़ जेल के कैदी बने हुए हैं। 1984 की शुरुआत में तिहाड़ जेल में अतिरिक्त सुविधाओं का निर्माण किया गया। आईपीएस अधिकारी किरण बेदी, जब जेल महानिरीक्षक थीं, ने तिहाड़ जेल में सुधार किए थे। उन्होंने इसका नाम बदल कर तिहाड़ आश्रम रखा था। 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार तिहाड़ जेल की कुल क्षमता 10 हजार 26 कैदियों की है, जबकि फिलहाल इसमें 18 हजार से ज्यादा कैदी बंद हैं। क्षमता से अधिक कैदी होने के कारण यहां खूंखार अपराधियों का साम्राज्य बन गया है।




दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक जेल नंबर दो में बंद हैं। यह भी दिलचस्प है, केजरीवाल ने खुद अपनी सरकार होते हुए भी कोई मंत्रालय अपने पास नहीं रखा था; लेकिन अब तिहाड़ में एक साथ दो विभाग संभाल रहे हैं- मुख्यमंत्री और कैदी का। तिहाड़ के लिए भी यह एक नया समीकरण है, क्योंकि कैदी होने के अलावा संवैधानिक तौर पर केजरीवाल दिल्ली में चुने हुए मुख्यमंत्री भी हैं और बिना त्यागपत्र दिए अंदर गए हैं। अब तिहाड़ जेल में नेताओं का आना-जाना लगा रहता है; इस कारण ऐसे मेहमानों के लिए खास इंतजाम भी हैं। खास यानी ऐसी जगह, जो चोर-उचक्कों, छंटे हुए बदमाशों या खूंखार गैंगस्टर या आतंकवादियों के सेल या ठिकानों से अलग है, इन खास जगहों में तिहाड़ का जेल नंबर एक, दो और चार विशेष हैं। दिल्ली सरकार के एक अन्य मंत्री रहे सत्येंद्र जैन भी जेल नंबर सात में बंद हैं।

आप के सांसद संजय सिंह को जेल नंबर पांच में रखा गया था, जिनको कोर्ट ने जमानत दे दी है। केजरीवाल सुबह सवेरे उठने वालों में से हैं, इसलिए उन्हें जेल मैन्युअल से कोई ज्यादा दिक्कत नहीं है। जेल में कैदियों की डेली रूटीन सुबह सूरज निकलने के साथ शुरू हो जाती है। सुबह छह बजे हर कैदी को उठना होता है। रोजमर्रा के काम निपटाने के बाद सुबह साढ़े छह से सात बजे के बीच उन्हें नाश्ता दिया जाता है, जिसमें आम तौर पर ब्रेड और चाय होती है। दोपहर का खाना 11 बजे दिया जाता है। दाल, सब्जी, पांच रोटी या चावल, दोपहर तीन बजे शाम की चाय मिलती है। इसके बाद तीन से पांच बजे तक जेल में कैदियों को खेलने और टहलने का मौका मिलता है। शाम सात बजे रात का खाना। खाने में दाल, सब्जी, पांच रोटी या चावल दिया जाता है। मेडिकल रिपोर्ट और डॉक्टरी सलाह पर कैदियों को उनकी सेहत के अनुसार अलग से खाना मिलता है, इनमें घर का खाना भी होता है। हाल के दौर में तिहाड़ की जो असली तस्वीर हम देख रहे हैं, वो काफी बदली-बदली सी है। अब तिहाड़ का सच कुछ और ही है। अब तमाम कायदे-कानूनों पर अकूत धन का बोलबाला दिखाई पड़ रहा है। वीआईपी और रसूख वाले लोगों के सामने जेल की दीवारें छोटी पड़ रही हैं। 1957 आजादी के ठीक दस साल बाद दिल्ली के पश्चिमी छोर पर तिहाड़ गांव में जेल की इमारत बन कर तैयार हुई। इसके बनने के बाद नौ साल तक जेल को चलाने की जिम्मेदारी पंजाब के पास रही।

आगे चलकर इसकी कमान दिल्ली के हवाले कर दी गई। 1984 तक जेल का काफी विस्तार हो चुका था। जेल चाणक्यपुरी से सात किलोमीटर दूर दिल्ली के तिहाड़ गांव के करीब बनाई गई थी, इसी कारण शुरू से ही इसका नाम तिहाड़ से जुड़ा रहा। इस जेल का नाम तब पूरी दुनिया में चर्चा में आया, जब इंस्पेक्टर जनरल ऑफ प्रिजन्स के तौर पर देश की पहली महिला आईपीएस किरण बेदी ने अपने सकारात्मक प्रयासों से इसका नाम तिहाड़ जेल से बदल कर आश्रम कर दिया था।

हालांकि आज सकारात्मक प्रयास जेल में नहीं दिख रहे।

# किआरा आडवाणी का अंग्रेजी एक्सेंट का वीडियो वायरल



मुंबई = ऐश्वर्या राय बच्चन के बाद किआरा आडवाणी ने कान फिल्म फेस्टिवल 2024 में हाल ही में डेब्यू करती हुई नजर आईं थीं, जिसके वीडियो और तस्वीरों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं. इसी बीच एक्ट्रेस का रेड सी फिल्म फाउंडेशसन के रेड कार्पेट पर दिया एक इंटरव्यू का वीडियो चर्चा में आ गया है, जिसमें किआरा का बोलने का ढंग ट्रोलिंग का कारण बन गया है. इसमें वह अपने कान फिल्म फेस्टिवल डेब्यू पर बात करते हुए नजर आ रहे हैं.

सामने आए वीडियो में किआरा कहती हैं कि इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाना %बहुत ही विनम्र% है, खासकर जब वह बतौर एक्ट्रेस 10 साल पूरे कर रही हैं. वह कहती हैं, 卐यह बहुत खास पल के साथ हैय卐 उनके विशेष रूप से %बहुत% और %पर% कहने के अमेरिकी तरीके ने फैंस को हैरान कर दिया है. क्या वह एक नया एक्सेंट करने की कोशिश करती दिख रही हैं.

# चिकित्सा विज्ञान को बहुत कुछ करना होगा

**अशोक मधुप**

आजादी के बाद भारत में चिकित्सा विज्ञान विज्ञान ने बहुत तरक्की की।इंसान का जीवन काफी सरल कर दिया।गंभीर बीमारी का इलाज खोज लिया। दर्द रहित आपरेशन होने लगे। दिल -दिमाग समेत सभी क्षेत्र में तरक्की होने से आदमी बहुत आराम और सुख महसूस कर रहा है, किंतु इतना सब होने के बाद भी अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है।मरीज की छोटी -छोटी परेशानी के इलाज के भी उपाए करने होंगे।

चिकित्सा विज्ञान इंसान के जीवन को सरल करने की हर बेहतर कोशिश में लगा है,इस सबके बावजूद अभी बहुत कुछ होना है।हाल में गुजरात में राजकोट के स्टर्लिंग हास्पिटल में मेरे हृदय की बाई-पास सर्जरी हुई।छोटे बेटे के पास यहां आए थे।यहीं तबियत खराब होने का पता चला।इसलिए मुझे यहीं आपरेशन कराना पड़ा। मुझे सवेरे सात बजे आपरेशन थियेटर में ले लिया गया।आपरेशन थियेटर की टेबिल पर मुझे लिटाकर स्टाफ मेरे हाथ टेबिल में बांधता है।यहां तक मुझे याद है। अब तक सिर्फ दो आपरेशन थियेटर सहायक ही मेरे आसपास थे। इसके बाद कब चिकित्सक आ गए। कब आपरेशन हो गया। मुझे कुछ पता नही। दुपहर बाद दो बजे के आसपास मुझे लगा कि रोशनी जली है। मुंह में भी कोई पाइप का चुभा।मैनें आख खोलीं।एक बड़े हाल में कुछ बैड पर मेरे जैसे मरीज लेटे थे। सामने लगी घड़ी दो बजा रही थी। मेरे मुंह में दिया हुआ पाइप हलका चुभ रहा था। बोलना चाहा तो लगा कि किसी चीज से मुंह बंद किया हुआ। थकान महसूस हुई। मैंने आंखे बंद कर लीं।ये भी लगा कि सात घंटे बाद होश आया है।कुछ समय बाद लोगों के बोलने की आवाज आई। आंखे खोली तो डाक्टर के साथ मास्क लगाए मेरे बिस्तर के पास मेरी पत्नी खड़ी है।उसके पूछने पर मैने इशारों से कहा कि ठीक हूं। डाक्टर ने मुझे बताया कि आपरेशन बढ़िया हुआ है। सब ठीक है। चिंता की कोई बात नहीं। डाक्टर का आभार जताने के लिए मैं हाथ जोड़ना चाहता हूं कि लगता है कि हाथ अभी टेबिल में बंधे हैं। पत्नी मुझे देखकर चली जाती हैं। कुछ देर में स्टाफ मुंह से टेप हटाकर मुंह में दी टयूब निकाल देता है। हाथ भी खोल दिए जाते हैं। अब मैं आराम महसूस कर रहा हूं ।



आपरेशन कब हो गया पता ही नही चला। स्टाफ ने इतना जरूर कहा कि आपके आपरेशन में छह घंटे लगे हैं।आपरेशन तो दर्द रहित हो गया किंतु परेशानी की कहानी अब शुरू होती है।लगता है कि होठ सूख रहें हैं। जीभ अकड़ रही है। देखरेख के लिए तैनात स्टाफ नर्स से मैं पीने के लिए पानी मांगता हूं।वह मनाकर देती है। कहती है कि शाम छह बजे चाय दी जाएगी। उसके पच जाने पर थोड़ा- थोड़ा पानी मिलेगा। राउंड पर आए डाक्टर से मैं होथ सूखने और जीभ के अकड़ने की बात कहतां हूं।वह कहते हैं कि इसे तो बर्दाश्त करना होगा।किंतु होठ भिगोने के लिए एक - दो बूंद पी देने के कह जाते हैं।एक महीना इसी में निकल जाता है। मुह में छाले हो जाने से कुछ खाना संभव नही होता। न खाने से सूखी उलटी होती हैं।दर्द रहित आपरेशन के बाद चिकित्सा विज्ञान को इस एक माह की परेशानी का इलाज भी खोजना होगा।

एक बात और उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर में आपरेशन को जाने वाले को आपरेशन की जरूरत के लिए खून का प्रबंध खुद करना पड़ता है। मैं इसी को लेकर परेशान था कि हम तो घर से बहुत दूर यहां गुजरात में हैं ,हमें खून कौन देगा कौन तीमारदारी करेगा,किंतु अस्पताल में पता भी नही चला।आपरेशन के स्टीमेट में दो बोतल बल्ड का मूल्य जुड़ा देखकर मैं संतुष्ठ हो गया कि अब रक्त का प्रबंध हमें नही करना होगा। अस्पताल करेगा।

आपरेशन के बाद और बाद में आईसीयू और अस्पतालमें भर्ती रहने के दौरान स्टाफ का व्यवहार और सेवा कार्य लाजवाब था।

रविवार 12 मई को अंतराष्ट्रीय नर्सेज डे मनाया गया।राष्ट्रीय नर्स सप्ताह प्रत्येक वर्ष छह मई को शुरू होता है और 12 मई को फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन पर समाप्त होता है। फ्लोरेन्स नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग आन्दोलन का जन्मदाता माना जाता है। दया व सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल 卐द लेडी विद द लैंप卐 (दीपक वाली महिला) के नाम से प्रसिद्ध हैं। इनका जन्म एक समृद्ध और उच्चवर्गीय ब्रिटिश परिवार में हुआ था। लेकिन उच्च कुल में जन्मी फ्लोरेंस ने सेवा का मार्ग चुना।

आज अस्पताल के स्टाफ और उसके कार्य को देखता हूं तो सभी नर्स में मुझे फ्लोरेंस नाइटिंगेल नजर आती हैं। सेवा करते वह कभी बहिन नजर आती है तो कभी बेटी और कभी मां। ये अलग बात है कि ये पैसे के लिए अस्पताल में कार्य कर रही है किंतु इनका समर्पण कही भी फ्लोरेंस नाइटिंगेल से कम मुझे नजर नही आया।चिकित्सक भी अपने में लाजवाब हैं। मेरे हृदय का आपरेशन करने वाले डा सर्वेशवर प्रसाद हृदय के प्रतिदिन तीन -चार आपरेशन करते हैं किंतु न उनके चेहरे पर कभी तनाव नजर आता है, थकान। ये ही हालत डा सर्वेशवर प्रसाद के जूनियर्स की भी है।फोन पर डाक्टर और उनके सहायक दिन राज- उपलब्ध हैं।उनके कार्य सेवाभाव और समर्पण को देखकर लगता है कि यह सब ऐसे ही नही है।इसके लिए उनका त्याग और मरीज के लिए सेवाभाव उन्हें प्रसिद्धि दे रहा है।

आपरेशन के दूसरे दिन स्टाफ मुझे ही नही, हृदय के आपरेशन के सभी मरीज को सहारा देकर बैठाकर देता है। बाद में उसे खड़ाकर धीरे- धीरे हाल में घुमाया जाता है।एक से दो घंटे के लिए कुर्सी पर बैठाया जाता है। कहा जाता है कि आपका आपरेशन हो गया। अब नियमित जीवन शुरू की जीइए।घूमिए।

इतना सब होने के बाद महसूस होता है कि अन्य अस्पतालों की तरह इस अस्पताल में भी लोकल कंपनी की अधिकतर दवाएं मल्टीनेशनल कंपनी से काफी मंहगी है। मेरे आपरेशन के टांकों में पानी आने के कारण मुझे इंट्रावेनस एंटीबाइटिक इंजैक्शन लिखा जाता है।ये इंजैक्शन अस्पताल में मैडिकल स्टोर पर 1100 रूपये के आसपास है, जबकि राजकोट के दवाई के होलसेल मार्केट में यह तीन सौ रूपये का मिल रहा है। होलसेल मार्केट में बस दवाई का बिल नही मिलता।सरकार को अस्पताल के मैडिकल स्टोर पर बिकने वाली दवा पर नियंत्रण करना पडेगा। एक चीज और देखने में आई कि प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड योजना के कार्डधारक अब अस्पताल में निशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।लगभग सभी अस्पताल में आपरेशन के लिए आने वालों से रिसेप्शन पर ही पूछा जाता है कि आयुष्मान कार्ड है। कार्ड देने पर मरीज के प्राय- लगभग सभी आपरेशन पूरी तरह निशुल्क हैं। इसमें कोई भेदभाव नही। मरीज हिंदू हो या मुस्लिम बस कार्डधारक होना चाहिए। प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्डधारक की चिकित्सा सरकार ने निशुल्क करके आम आदमी का उपचार बहुत सरल कर दिया।उसका जीवन सरल बना दिया। इस योजना में अभी सुधार की जरूरत है।किसी भी प्राइवेट मेडिक्लेम में आपरेशन के बाद दो महीने का दवा का व्यय भी कंपनी की ओर से देय है, जबकि आयुष्मान योजना में अस्पताल की ओर से मात्र दस दिन की दवा देने का प्रबंध है, जबकि काफी मरीजों का उपचार लंबा चलता है। देखने में आया है कि कुछ अस्पताल आपरेशन के बाद की दस दिन की दवा भी मरीज को नही देते।इसलिए इस योजना में अभी बहुत सुधार की जरूरत है।

# शत प्रतिशत मतदान को लेकर कालेज ने निकाली रैली









**जनता कनेक्शन**

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके इसके लिए।शिक्षण संस्थान बढ़ चढकर अपनी भूमिका निभा रहे हैं।समाज में शिक्षण संस्थानों के शैक्षिक शक्ति के बल पर ही बच्चों में देश के भविष्य होने की ताकत सुनिश्चित होती है।आज जहाँ लोकतंत्र के महापर्व में 18 वर्ष आयु सीमा पूरी कर चुके मतदाताओं को एक सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है।इसी क्रम में बीस मई 2024 अर्थात आज इस मतदान के अवसर पर लखनऊ के हिंदुस्तान बी वी एम इन्टर कॉलेज की ओर से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसका मार्गदर्शन व निर्देशन विद्यालय के प्रबंधक डा एच एन मिश्रा ने किया। समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्र छात्राओं ने इस रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए ढोल नगाड़ों के साथ क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया। संस्था की सचिव प्रमिला मिश्र और नेशनल पी जी कॉलेज के रसायन विज्ञान के सहायक प्रोफेसर डा ऋतुराज मिश्र व कालेज की इंचार्ज डा0 सत्यकीर्ति सिंह ने भी रैली में सक्रिय भागीदारी के साथ समाज के लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया।

# बसों में जगह पाने के लिए यात्रियों ने खूब की धक्का-मुक्की

## भीषण गर्मी व धूप में घण्टों बसों का इंतजार करते रहे यात्री, 110 बसों में 80 बसें लगाई गई चुनावी ड्यूटी में

बाराबंकी। लोकसभा चुनाव में रोडवेज की अनुबंधित बसों के लगने के कारण देवा रोड स्थित बस स्टेशन पर भीषण गर्मी में घण्टों लोग बसों का इंतजार करते नजर आये। घण्टों बाद यदि कोई बस आती भी तो मिनटों में सभी सीटे फुल हो जाती और लोग फिर खड़े के खड़े रह जाते। बसों में जगह न मिलने पर उन्हें डग्गामार वाहनों से यात्रा को विवश होना पड़ा। इस चिलचिलाती धूप ने बस स्टेशन पर लोगों के खुब पसीने निकाले बसों का इंतजार कर रहे लोग, परेशान दिखे।

ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव में मतदान दलों को लाने ले जाने के लिए रोडवेज की बसों को लगाया गया है। इससे शहर के बस स्टैंड पर बसों की कमी हो गई है। बस स्टेशन पर मात्र कुछ ही बसें बची है, जैसे ही वह बसें बस स्टेशन पर आती हैं तो यात्री जगह पाने के लिए जद्दोजहद करते रहे, कोई खिड़की से ही सामान रखकर सीट घेरने की कोशिश करता दिखा तो कोई बस में सवार होने के लिए धक्का मुक्की करता दिखा। दोपहर करीब दो बजे लखनऊ के लिए जैसे ही बस आई यात्रियों की भीड़ जुट गई। ऐसा ही नजारा शाम को भी रहा। रोडवेज की अनुबन्धित 110 बसों में 80 बसें चुनावी ड्यूटी में लगा दी गयी, मात्र 30 बसें ही बची। जो यात्रियों के मुकाबले काफी कम हैं। बस स्टेशन पर भीषण गर्मी में करीब 50 से अधिक यात्री बसों का इंतजार करते दिखें। रूट पर पर्याप्त संख्या में रोडवेज बसें उपलब्ध न होने से यात्रियों को घंटों बसों का इंतजार करना पड़ा। इसके बाद भी बसों में जगह न मिलने पर उन्हें डग्गामार वाहनों से अपने गन्तव्य पर जाने के लिए विवश होना पड़ा।



आवश्यकता
joining Free
लखनऊ से प्रकाशित....
जनता कनेक्शन
पाक्षिक व दैनिक समाचार पत्र की न्यूज वेबसाइट
के लिए सभी जनपदों में जनपद,तहसील एवं थाना स्तर पर प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
इच्छुक लोग (महिला/पुरुष) अपना सीवी नीचे दी गई मेल या व्हाट्सऐप पर भेज सकते है ।
ब्यूरो चीफ कमलेश वर्मा
सम्पादक ऋचा सक्सेना
E-mail: jcnews240@gmail.com contact's:0522-3192214,9454606652,9935496838
www.dailyjantaconnection.com

# पीओके हम लेकर रहेंगे : अमित शाह



प्रयागराज। इलाहाबाद और फूलपुर के प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिये रविवार को गृहमंत्री अमित शाह और प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ पहुँचे। मेजा विधानसभा के सोरांव ग्राम में इलाहाबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में गृहमंत्री अमित शाह ने जन सैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि अब तक के हुए इन चार चरणों के चुनाव में इंडी एलाइंस का सूपड़ा साफ हो गया है। और और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 पार के लिए तेज गति के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा अगर आप कमल का बटन दबाओगे तो नीरज त्रिपाठी सांसद बनेंगे और और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधान मंत्री बनाने का मतलब भारत संसार का सबसे बड़ा अर्थ तंत्र बनाना है। और 3 लाख डेयरियों की व्यवस्था करना है और भारत को सुरक्षित करना है। फूलपुर से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण पटेल के समर्थन में सिकंदरा रौजा में सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साथा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह धरती इतिहास बनाने वाली है। एक बार फिर फूलपुर में इतिहास बनेगा। उन्होंने कहा कि अभी-अभी पता चला है कि दो लड़कों की जोड़ी बैरंग गई है। 2017 और 2019 में दो लड़कों की जोड़ी को फूलपुर की जनता खारिज कर चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे कहते हैं कश्मीर से यूपी और राजस्थान वालों को क्या लेना देना है तो मैं कहता हूं इलाहाबाद का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान देने को तैयार है और आगे कहा की कांग्रेस के नेता मणि शंकर अय्यर कहते हैं कि पाकिस्तान को सम्मान दो क्योंकि पाकिस्तान के पास एटम बम है। फारूक अब्दुल्ला कहते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है इसलिए पीओके को छोड़ दो और मैं इस दावे के साथ कहता हूं पीओके हमारा है, हमारा था और इसे हम लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आतंकवाद से मुक्त करने का काम किया। उन्होंने आगे कहा कि सोनिया मनमोहन की 10 वर्षों की सरकार में आए दिन आलिया, मालिया जमालिया देश के अंदर बम धमाके करके चले जाते थे और आज मोदी के शासन में जब पुरी और पुलवामा का घटना हुआ तो हमने 10 दिनों में पाकिस्तान के अंदर घुसकर सर्जिकल एवं एयर स्ट्राइक करके आतंकवादियों का सफाया करने का काम किया। उन्होंने कहा प्रयागराज कुंभ का क्षेत्र है। और प्रभु श्री राम और निषाद राज की मित्रता की धरती है इसलिए उनकी मित्रता के प्रतीक के रूप में श्रृंगवेरपुर में निषाद पार्क बनाए जा रहे हैं। और भारद्वाज मुनि आश्रम को विकसित किया जा रहा है और लेटे हुए हनुमान जी पर बड़ा कॉरिडोर बनाने का काम सरकार ने आरंभ कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग अपने घुसपैठिए वोट बैंक के डर के कारण राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दूरी बनाई और कहा कि इस चुनाव में एक तरफ राम भक्तों पर गोली चलाने वाले लोग हैं और दूसरी तरफ राम भक्तों के लिए राम मंदिर का निर्माण करने वाले नरेंद्र मोदी हैं और सिर्फ इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने और औरगंजेब के द्वारा नष्ट किए गए काशी विश्वनाथ को भी कॉरिडोर बनाकर संवारने का काम किया और उज्जैन में महालोक का निर्माण किया। और सोमनाथ को सोने की मंदिर बनवाने का काम कर रहे हैं। और देश के जितने भी धार्मिक सांस्कृतिक ऊर्जा का केंद्र है।

वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बुलडोजर चलाने से प्रदेश का हर माफिया भयभीत है भूमाफियाओं से जमीनें मुक्त कराई जा रही हैं।

और अमन चैन कायम है.देश की सुन्दरतम नगरी प्रयागराज में आयोजित होने वाले कुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के साथ केसरी नाथ के त्रिवेणी पुष्प के सपने को साकार करना हैं। नीरज त्रिपाठी को चुनाव जिताकर मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाकर विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाना हैं। आप लोग अगले पांच दिन पार्टी को दें और अपने आसपास के पांच परिवार में संपर्क कर प्रत्येक सदस्य को कमल खिलाने हेतु प्रेरित करें। और उनका वोट डलवाकर 25 मई को इलाहाबाद में कमल खिलाने का काम करें। मुझसे कहा गया कि कोलों के पास आवास नही हैं तो कोल एवं आदिवासी बिरादरी को आवास उपलब्ध करा दिया गया हैं।

## अमित शाह का गदा देकर स्वागत

प्रयागराज। लोकसभा इलाहाबाद और फूलपुर की सीट पर रविवार को गृहमंत्री अमित शाह का बीजेपी कार्यकर्ताओं की ओर से गदा देकर स्वागत व अभिनन्दन किया गया। इसके उपरान्त उन्होनें विशाल जनसभा को संबोधित किया। इलाहाबाद प्रत्याशी ने गृहमंत्री के संबोधन को प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक बताया। प्रयागराजवासियों ने गृहमंत्री को प्रचंड ध्वनि में इलाहाबाद से कमल खिलाने का आश्वासन दिया है। इस जनसभा में इलाहाबाद प्रत्याशी व उनकी पत्नी कविता यादव त्रिपाठी, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री सीटी रवि, प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्या, क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी भाजपा दिलीप पटेल, सासंद इलाहाबाद प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी, विधायक अहमदाबाद हार्दिक पटेल, महापौर प्रयागराज गणेश केशरवानी, लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल, लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल, जिला प्रभारी सुशील त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भाजपा यमुनापार विनोद प्रजापति, जिलाध्यक्ष भाजपा महानगर राजेन्द्र मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती, विधायक कोरांव राजमणि कोल, विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद, विधायक बारा वाचस्पति, विधान परिषद सदस्य डा. के.पी. श्रीवास्तव, पूर्व विधायक मेजा नीलम करवरिया, पूर्व विधायक कलेक्टर पाण्डेय, पूर्व विधायक दीपक पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शुक्ला और रईस चन्द्र शुक्ला एवं उपस्थित सम्मानित पदाधिकारीगण और कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## मतदान में गड़बड़ी की आशंका, जारी हुआ लाल कार्ड

प्रतापगढ़। लोकसभा चुनाव में भी मतदान के दौरान जिन लोगों के गड़बड़ी करने की आशंका है उन्हें चिह्नित किया गया। चिह्नित किए गए सभी लोगों को लालकार्ड जारी किया गया है। लाल कार्ड पाए लोगों के लिए सख्त निर्देश है कि वह अपना मत डालने के बाद सीधे अपने घर पर रहेंगे। कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र के कुंडा बाबागंज विधानसभा क्षेत्र में कुंडा, मानिकपुर, हथिगवां, नवाबगंज, संग्रामगढ़, महेशगंज, बाघराय सभी थाना क्षेत्रों में मतदान में गड़बड़ी करने की आशंका वाले अराजकतत्वों को पुलिस ने चिह्नित किया है। जितने भी लोगों के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर व अन्य अपराधिक मामले चल रहे उनको भी पुलिस ने लालकार्ड जारी किया है। लालकार्ड वालों को सख्त निर्देश दिया गया है कि वह अपना मतदान करने के बाद सीधे घर जाएं। यदि मतदान में किसी तरह की कोई गड़बड़ी होती है तो लालकार्ड धारक ही जिम्मेदार होंगे। पुलिस ने कुण्डा इलाके के पूर्व चेयरमैन, कई प्रधानों, कई पूर्व प्रधानों, राजनैतिक रसूख रखने वालों को भी लालकार्ड जारी किया है। सीओ अजीत कुमार सिंह का कहना है कि मतदान को शांति पूर्ण व निष्पक्ष कराने के लिए संदिग्ध लोगों को चिह्नित कर पुलिस ने लाल कार्ड जारी किया है।

# पोलिंग पार्टियों की रवानगी का प्रेक्षक सहित आयुक्त व डीएम ने किया निरीक्षण



बांदा। सामान्य प्रेक्षक श्रीमती वी.कलाईराशि, आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा बाल कृष्ण त्रिपाठी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने आज लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मण्डी समिति से मतदान पोलिंग पार्टियों के समस्त सामग्री को लेकर मतदान कार्य कराने हेतु कार्मिकों के रवानगी कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बाल कृष्ण त्रिपाठी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने आज लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मण्डी स्थल में मतदान कार्मिकों के ड्यूटी वितरण, ईवीएम, वीवीपैट एवं मतदान सामग्री के वितरण के साथ पार्टियों के रवानगी कार्य का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी पोलिंग पार्टियां अपने सभी पोलिंग कर्मियों के एक साथ निर्धारित बसों में ही अपने-अपने सम्बन्धित मतदान केन्द्रों पर जायेंगे। उन्होंने जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों को समय से मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने के कार्य का पर्यवेक्षण करें। मण्डी समिति में मतदान कार्मिकों के लिए छाया, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की गयी हैं।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ,अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, मुख्य विकास अधिकारी / प्रभारी अधिकारी कार्मिक वेद प्रकाश मौर्य अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा हित सम्बन्धित एआरओ, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संजीव बघेल सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की मौत

बाराबंकी। संदिग्ध हालत में बेहोशी की अवस्था में एक मजदूर को उसका साथी सीएचसी लेकर पहुंचा, जहां पर चिकित्सीय परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मजदूर के साथ मौजूद साथियों ने बताया कि मोहम्मदपुर खाला थाने क्षेत्र के बल्लोपुर ग्राम पंचायत में पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है। भिल्लोर निवासी ठेकेदार राजेश कुमार ने हरदोई के 25 मजदूर काम पर लगा रखे हैं। उसमें से ही एक मजदूर रामपुर मंझियारा निवासी 42 वर्षीय हरिशंकर पुत्र गोवर्धन भी था। खाना खाने के बाद वह पम्प हाउस की छत पर सोने की बात कहकर चढ़ गया, देर रात वह छत से नीचे गिर गया। साथियों ने उसे उठा कर हाल चाल पूछा तो उसने कहीं पर भी चोट न लगने की बात कही और फिर सो गया। दोपहर में जब उसकी हालत बिगड़ी तो उसे अस्पताल लाया गया जहां डॉटरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग की कथा सुनकर श्रोता हुए भाव विभोर

### क्षेत्र के पेचरूआ गांव में राम प्रताप पांडेय के यहाँ चल रही श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ रही भारी भीड़



हैदरगढ़ (बाराबंकी) । क्षेत्र के पेचरूआ गांव में राम प्रताप पांडेय के यहां चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा कथावाचक पंडित श्री वेद प्रकाश दीक्षित वेद जी ने जब भगवान श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई तो श्रोता भाव- विभोर हो उठे। रायबरेली से पधारे कथावाचक पंडित श्री वेद प्रकाश दीक्षित वेद जी ने कहा कि नारद जी भ्रमण पर निकले तो रुक्मिणी के पिता से मिलकर उन्होंने बताया कि रुक्मिणी का विवाह तीन पगों में तीन लोक नापने वाले त्रिलोकी नाथ श्री कृष्ण जैसे योग्य वर से होगा।उन्होंने राजा भीष्मक को यह भी बताया कि रुक्मिणी को ब्याहने के लिए उनके घर दो वर आएंगे। नारद जी की बात सुनकर रुक्मिणी के भाई रुक्मण नाराज हो जाते हैं। वह अपनी बहन रुक्मिणी की शादी अपने मित्र राजा शिशुपाल से कराना चाहते हैं। वह राजा शिशुपाल को अपनी बहन के विवाह का प्रस्ताव भेजते हैं और साथ में उनको इस बात की चिंता भी सताने लगती है कि कहीं श्रीकृष्ण बरात लेकर न आ जाएं। इसलिए वह जरासंध को भी अपनी सेना साथ लाने को कहते हैं। उधर रुक्मिणी इस बात का संदेश श्रीकृष्ण को भिजवा देतीं हैं। श्री कृष्ण गौरीशंकर मंदिर में पूजा करने पहुंचीं रुक्मिणी को हर ले जाते हैं। जब शिशुपाल और जरासंध को इस घटना का पता लगता है तो वह उनका पीछा करते हैं। रुक्मणी को जब यह अहसास हुआ कि श्रीकृष्ण स्वयं नारायण हैं और रुक्मिणी लक्ष्मी जी हैं तो वह श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का स्वयं विवाह करवाते हैं। कथा व्यास श्री वेद जी ने आगे कहा कि मनुष्य स्वंय को भगवान बनाने के बजाय प्रभु का दास बनने का प्रयास करें, क्योंकि भक्ति भाव देख कर जब प्रभु में वात्सल्य जागता है तो वे सब कुछ छोड़ कर अपने भक्तरूपी संतान के पास दौड़े चले आते हैं। गृहस्थ जीवन में मनुष्य तनाव में जीता है, जब कि संत सद्भाव में जीता है। यदि संत नहीं बन सकते तो संतोषी बन जाओ क्योंकि संतोषी सबसे बड़ा धन है। महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत, भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है। वह भव पार हो जाता है। उसे वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती हैं। कथा व्यास ने कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, उद्धव-गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना, रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया।

उन्होंने कहा कि आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति आवश्यक हैं। भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम भी जरूरी हैं। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। उन्होंने कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। सुरेश चंद पांडेय, राधेश्याम पांडेय, घनश्याम पांडेय, आलोक पांडेय, आदर्श पांडेय, दयाशंकर सिंह, अजय शुक्ला, निखिल अवस्थी, हरिश्चंद्र, शिव शंकर, मयंक अवस्थी, नीलू मिश्रा, प्रांशु अवस्थी, दीपक मिश्रा पारुल अवस्थी सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# देश का हर वर्ग सरकार के दमनकारी नीतियों का शिकार है : शिवपाल यादव



आजमगढ़ । समाजवादी पार्टी अपने चुनाव प्रचार के क्रम में आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने सगड़ी विधान सभा मे आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश का हर वर्ग इस सरकार के दमनकारी नीतियों का शिकार है, एक तरफ जहां नौजवानों के पेपर लीक करवाये जा रहे हैं उनको अग्निवीर बनाया जा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ किसानों का उत्पीड़न हो रहा है, सपा सरकार में मैंने सगड़ी विधान सभा में विकास के तमाम कार्य कराये, मैं आप सबको भरोसा दिलाता हूं कि आगे भी आप सबके सुख दु:ख में साथ रहूँगा। कार्यक्रम में सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने जनता से सहयोग और आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि सगड़ी के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूँगा तथा जनता जनार्दन के बीच हमेशा उपलब्ध रहकर उसके सुख दु:ख का सहभागी बनूँगा ।

## अवैध असलहा सहित दो शातिर गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस ने 2 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 2 असलहा मय जिंदा कारतूस बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक बैजनाथ सिंह थाना सिरसागंज ने पुलिस बल के साथ चेकिंग के दौरान दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों जनपद इटावा के रहने वाले है। भदान रेलवे ओवर ब्रिज के पास से पुलिस ने दोनों को पकड़ा। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के नाम भगवन्त राजपूत पुत्र गंगाराम निवासी बादरी पूठ थाना बसरेहर जनपद इटावा तथा विकास राठौर पुत्र गौरीशंकर निवासी नवादा बहादुरपुर थाना लभेदी जनपद इटावा बताए है। पुलिस ने उनके पास से दो तमंचा 315 बोर तथा 2 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया दोनों शातिर बदमाश है। गंगारामपुर गैंगस्टर लूट के एक दर्जन मुकदमे जनपद तथा गैर जनपदों के थानों में दर्ज है। उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा हैं।

## घर में घुसकर पीटा, पांच घायल

जसराना (फिरोजाबाद)। थाना क्षेत्र के देवरी फरीदपुर में कुछ लोगों ने घर में घुसकर एक परिवार के साथ जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। झगड़े में पांच लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया है। थाना जसराना क्षेत्र के देवरी फरीदपुर निवासी रत्नेश,रजनेश,राकेश और राजेश पुत्र मोहनलाल, अजीत पुत्र सोबरन सिंह ने आरोप लगाया है कि उसके ताउ के लड़को ने 10 अन्य लोगों के साथ उसके घर में घुस कर बीती रात मारपीट की। जिससे गांव में चीख पुकार मच गई। झगड़े में परिवार के पांच सदस्य घायल हो गये। सूचना पर पहुँची 108 एम्बुलेंस पांचों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आई। जहां घायल रत्नेश ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि छोटे ताऊ एक महिला को भगा ले गए थे। तबसे उनके परिवार को लगता है हमने पुलिस को सूचना दी। तभी से उक्त लोग हमारे परिवार से रंजिश मानने लगे हैं। इसी बात को लेकर बीती रात घर में घुस कर हमला बोला और जमकर मारपीट और तोड़फोड़ की।

## दोस्त की पत्नी से एक तरफा प्रेम व जमीन हड़पने की चाहत मे की थी दोस्त की हत्या दो गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना कछवां क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गोधना में हुई एक व्यक्ति की हत्या की घटना का सफल अनावरण, दो आरोपियो को गिरफ्तार कर , घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बरामद किया गया उक्त जानकारी रविवार को दोपहर में 2ः00 बजे ऑफर पुलिस अधीक्षक नक्सली आप सिंह द्वारा मनोरंजन कक्ष स्थित सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में दिया गया है उन्होंने बताया चार दिन पूर्व थाना कछवां, पर को वादी अजीत मौर्या पुत्र स्व0 मुन्ना मौर्या निवासी ग्राम गोधना थाना कछवां द्वारा अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध वादी के पिता मुन्ना मौर्या की हत्या करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी । जिसके आधार पर विवेचना प्रारम्भ की गयी । घिटनास्थल का निरीक्षण कर अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पुलिस टीमें गठित कर दी गयी। थाना कछवां व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर भैंसा नहर पुलिया चकनन्दा मोड़ के पास से 2 नफर आरोपित जिसमे मृतक दोस्त लगभग 38 वर्षीय दिनेश मौर्या पुत्र शीतला प्रसाद मौर्या जो मृतक के घर आता जाता था व दिनेश का दोस्त.लगभग 39 वर्षीय गणेश बिन्द पुत्र जोखू बिन्द निवासीगण गोधना थाना कछवां को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक लोहे का राड रुनूमा व ईट का टुकडा बरामद किया गया । गिरफ्तार आरोपियो द्वारा पूछताछ में बताया गया की दिनेश मौर्या, मुन्ना मौर्या(मृतक) की पत्नी से एक तरफा प्रेम करता था तथा मुन्ना मौर्या की जमीन हड़पने की लालच में अपने साथी गणेश बिन्द के साथ मिल कर योजनाबद्ध तरीके से मुन्ना मौर्या को शराब पिलाकर घर जाते समय ईट व लोहे के राड से मारकर हत्या कर दी गयी ।

## मादक पदार्थ सहित एक गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना बसई मौहम्मदपुर पुलिस ने शनिवार की रात दो बज कर दस मिनट पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को ठार सैलानी चौराहा से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 700 ग्राम चरस बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है।

# धोनी का टूटा दिल विराट ने दिखाया दम





नई दिल्ली( **जनता कनेक्शन** )। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कल आईपीएल 2024 के संभवतया सबसे बड़े मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को हरा दिया। इस हार के साथ ही चेन्नई को प्लेऑफ से बाहर होना पड़ा , जबकि विराट कोहली की टीम ने प्लेआफ के लिए क्वालीफाई कर लिया। इसके साथ ही किंग कोहली ने अपनी श्रेष्ठता एक बार फिर साबित की। अभी तक कोहली की टीम आरसीबी एक बार भी आईपीएल ट्राफी नहीं जीत सकी है। इस बार कोलकाता नाइट राइडर्स, सन राइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने प्लेऑफ में जगह बनाई है। आईपीएल 2024 सीजन का सबसे बड़ा मुकाबला बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में कल खेला गया। सितारों से भरपूर दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला नॉकआउट की तरह था। हालांकि, चेन्नई सुपर किंग्स के लिए कुछ सहूलियत थी, लेकिन यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 27 रनों से हराते हुए न केवल प्लेऑफ का टिकट कटा लिया, बल्कि एमएस धोनी की टीम चेन्नई सुपर किंग्स को नेट रन रेट के आधार पर बाहर का रास्ता दिखा दिया। प्ले ऑफ टीमों का तो पता चल गया है, लेकिन किन टीमों के बीच मुकाबले खेले जाएंगे यह अभी तक साफ नहीं हो सका है। दरअसल, पॉइंट्स टेबल में टॉप पर तो कोलकाता नाइटराइडर्स है लेकिन दूसरे नंबर की टीम को लेकर अभी भी बदलाव संभव है। राजस्थान रॉयल्स 16 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद (तीसरे नंबर पर) के पास 17 पॉइंट्स तक पहुंचने का मौका है। अगर राजस्थान रॉयल्स अपना आखिरी मैच हार जाती है, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद जीत जाती है तो बदलाव हो जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

प्रयागराज। धूमनगंज के कन्हईपुर में ससुराल में रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या करने वाले वायु सैनिक के पिता राम नरेश वर्मा ने बहू पर बेटे को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उनके बेटे की शुक्रवार को छुट्टी खत्म हो रही थी। वह अपनी बेटी और पत्नी से मिलने ससुराल गया था। वहां घर के बाहर खड़े होकर करीब एक घंटे तक वह बेटी से मिलने की गुहार लगाता रहा लेकिन उसके ससुरालियों ने दरवाजा तक नहीं खोला, जिससे आहत होकर उनके बेटे ने खुद को गाली मार ली। धूमनगंज इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने बताया कि वायु सैनिक के पिता की तहरीर पर बहू वैशाली वर्मा उर्फ इंदू, सास, ससुर और साले के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। राम नरेश वर्मा मूलरूप से कौशाम्बी के कड़ेधाम के रहने वाले हैं। लेकिन कई साल से वह कानपुर के चकेरी थाने के स्वर्णजयंती बिहार कोयला नगर में किराए का मकान लेकर परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार को इकलौते बेटे आशीष कुमार वर्मा 32 के मौत के बाद राम नरेश परिवार के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि शादी के कुछ साल बाद से ही उनकी बहू वैशाली अपने मायके में ही रह रही थी। कई बार उसे बुलाने के लिए उनका बेटा गया लेकिन वह नहीं आई। हर महीने आशीष अपनी बेटी की पढ़ाई और पत्नी के खर्च के लिए पैसे देता था। पिता राम नरेश ने धूमनगंज पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उनके बहन की बेटी की 21 अप्रैल को शादी थी और बेटे की 24 को सगाई थी। उसी में शामिल होने लिए उनका बेटा आशीष 20 अप्रैल को ड्यूटी से एक महीने की छुट्टी लेकर घर आया था। आरोप है कि वह शादी में जाने के लिए वैशाली को बुलाने ससुराल आया था। लेकिन उसकी पत्नी वैशाली सास, ससुर और उसके साले ने उनके बेटे के साथ गाली-गलौज कर अपमानित करते हुए वहां से भगा दिया। उधर शुक्रवार को आशीष की छुट्टी की खत्म होने वाली थी। वह घर से बैग लेकर ड्यूटी पर जाने के लिए निकला था और उन लोगों से बोला था कि वह प्रयागराज अपनी बेटी और पत्नी से मिलने के लिए जा रहा है बेटी के फीस और पत्नी को खर्चे देकर वहीं से पश्चिम बंगाल के हासिमआरा ड्यूटी पर चला जाऊंगा। उधर, जब उनका बेटा ससुराल पहुंचा तो वहां पर उसकी पत्नी और बेटी से मिलने नहीं दिया गया। उनके बेटे ने कहा कि यदि उसे मिलने नहीं दिया जाएगा तो वह घर के बाहर ही आत्महत्या कर लेगा। इस पर उसकी पत्नी और परिवार के अन्य लोगों ने कहा इस तरह से तुम कई बार धमकी दे चुके हो। इन बातों से आहत होकर उनका बेटा अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गाली मारकर आत्महत्या कर ली।

## राहगीरों व प्यासो को शरबत पिलाकर प्यास बुझाई

प्रयागराज। भारत विकास परिषद त्रिवेणी शाखा प्रयागराज सेवा, सहयोग, समर्पण, संस्कार तथा संपर्क के उद्देश्यों से समाज सेवा, जन कल्याण एवं राष्ट्रीय सेवा कार्यों में बढ़-चढ़ कर पूरे वर्ष कार्यक्रम आयोजित करती है। उसी के परिपेक्ष में सुभाष चैराहा सिविल लाइन प्रयागराज में ठंडा शरबत-पानी का सेवा स्टॉल टेंट लगाकर संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों ने सामूहिक रूप से आने-जाने वाले राहगीरों व प्यासे लोगों को भरपेट शरबत-पानी पिलाकर उनकी प्यास बुझाई व निशुल्क सेवाएं दिया। जिसकी लोग प्रशंसा करते रहे। इस सेवा कार्य में शामिल प्रमुख लोगों में प्रमोद कुमार बंसल, डॉक्टर अरविंद शरन दरबारी, कन्हैया जी अग्रवाल, सुनील जायसवाल, श्यामसुंदर सिंह पटेल, अमरनाथ सेठ, डॉ रश्मि शुक्ला, अरुणा अस्थाना, कौशल्या सिंह, कल्पना अग्रवाल, स्वाति निरखी, डॉ पीके सिन्हा, गोपाल जी गुप्ता, के के श्रीवास्तव, विनय अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल, पीयूष पांडे, कमलेश मौर्य, पवन श्रीवास्तव, असीम मुखर्जी, एस एन मेहरोत्रा आदि कई लोग शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान बीच-बीच में लोग भारत माता की जय, वंदे मातरम, मतदान का पर्व है 25 मई को आप लोग शत प्रतिशत मतदान करें, मतदान करें का नारा भी लगा रहे थे। जिससे पूरे समय खुशनुमा माहौल बना रहा। जो बहुत ही सराहनीय रहा। जिसके लिए संस्था के अध्यक्ष डॉ अरविंद शरन दरबारी ने सभी का धन्यवाद कर आभार प्रकट किया।

## अशरफ के साले जैद सहित पॉच लोगों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

प्रयागराज। पूरामुफ्ती में अशरफ के साले जैद समेत पांच पर हत्या के प्रयास समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज हुआ है। अहमदपुर असरौली के इश्तियाक अहमद ने आरोप लगाया है कि जमीन पर अवैध कब्जा हटाने जाने पर फायरिंग की गई। इसमें वह बाल-बाल बच गया। पुलिस ने चार नामजद व एक अज्ञात पर केस दर्ज किया है। इश्तियाक ने पुलिस को बताया कि उसकी व उसके परिवार की पुश्तैनी जमीन हटवा उपरहार में स्थित है। आरोप है कि पिछले 10 वर्षों से झुर्री, सैफी व शिबली पुत्रगण झुर्री, जैद मास्टर ने इस जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। जब-जब वह इन लोगों से अपनी जमीन से कब्जा हटाने की बात करता है, तब-तब उक्त लोग गालीगलौज करते हुए भगा देते हैं। आरोप है कि 13 मई की सुबह जब वह व उसके परिवार के लोग अपनी जमीन पर ट्रैक्टर सहित पहुंचे तो सैफी अपने एक अज्ञात साथी के साथ आकर कहने लगा कि उस पर पहले से ही इतने मुकदमे हैं। तुम इस सरकार के दम पर जमीन लेना चाहते हो। इतना कहते हुए उसने तमंचा से फायर कर दिया। इसमें गोली उसके कान के पास से गुजर गई और वह बाल-बाल बच गया। इस घटना के बाद से वह व उसका परिवार बहुत भयभीत हो गया है। प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## मदीना के लिए रवाना हुआ दूसरा जत्था

बांदा। जनपद के पहले जत्थे में 27 हज यात्रियों की 15 मई को रवानगी हो चुकी है, 13 हाजियों के दूसरे जत्थे सहित मुस्लिम पर्सनल लॉ आफ़ इंडिया के मेंबर,भाजपा नेता आरिफ खान मदीना शरीफ के लिए रवाना हुए। प्रदेश में हज यात्रा में कुल 18010 यात्री चयनित है, लखनऊ से हज यात्रा की गुरुवार 9 मई को शुरू हुई और यात्रा का सिलसिला 24 मई तक चलेगा, सरोजिनी नगर लखनऊ स्थित मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस पर हज यात्री परिवार जनों के साथ पहुंचना जारी है, हज यात्री कानपुर रोड स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे अमौसी से रवाना हो रहें हैं, जनपद बाँदा के 13 हज यात्री आरिफ खांन, अब्दुल रज्जाक, मारिया खातून, मलिक अहमद, नफीस अहमद, रुखसाना बेगम, आरिफ हसन, मोण्तारिक, हाशमी बेगम, मुबारक अली, फात्मा बेगम, मोऽशारिक इस्लाम, महजबीन फात्मा सहित 19 मई की उड़ान 285 हज यात्रियों को लेकर सऊदी अरब के मदीना एयरपोर्ट रवाना होगी, मुस्लिम पर्सनल लॉ ऑफ़ इंडिया के मेंबर/भाजपा नेता आरिफ खान को लखनऊ भेजने के लिए हाजी फसीउल्ला खान, राजदा खातून, बुशरा फातिमा, अरमां खान, पूर्व एओ सईद अहमद, हाजी लियाकत अली, सपा नेता इमरान अली राजू, हाजी रसीद रोमा मुंबई, पैरा मेडिकल कालेज चेयरमैन मकबूल अली खान, डाऽजरीना खातून सहित बड़ी संख्या मे हिन्दू मुस्लिम अज़ीज़ अकारिब हज़ हाउस, लखनऊ के लिए साथ में रवाना हुऐ और शहर काज़ी अकील मियां, जामा मस्जिद पेश इमाम मौलाना अमीनुद्दीन, ब्यूरो चीफ अमर उजाला रहे अब्दुल रशीद सिद्दीकी हमज़ा भाई, मुफ्ती सफीकुद्दीन, हाजी शब्बीर बबलू, हस्सान मसूदी, फैयाज आतिशबाज, रशीदा आतिशबाज, हमीद आतिशबाज, हाजी रमजान, अरशद खान, चित्रकूट से पुलिस अधिकारी इसरार हुसैन खान, अनवर जहां, हाजी अजीज उस समद, हाजी सहीरूद्दीन सबादा, राज किशोर शुक्ला प्रधानाचार्य, डाऽफैज नियाजी, अरशद निजामी, जावेद खान, फैजान वारसी, ईशान वारसी, लकी रजा, महबूब इलाही, डा.अरमान उल हक, जीशान उल हक, डाण्वहीद उल्ला खान सहित भारी संख्या में हिंदू मुस्लिमों भाइयों का उनके आवास पर मुबारकबाद देने वालों का ताँता लगा रहा।

## नाराज किशोरी ने लगायी फांसी

बांदा। परिजनों की डांट से नाराज होकर किशोरी ने बांस की बल्ली में सांडी का फंदा लगाकर फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों को जानकारी होने पर कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के नरैनी थाना क्षेत्र के रिसौरा गांव के मजरा पाड़ादेव निवासी 14 वर्षीय गंगाबाई पुत्री सीताराम ने शाम बरामदे में लगी बांस की बल्ली में साड़ी से फांसी लगा ली। काफी देर बाद मौके पर पहुंची छोटी बच्ची ने देखा तो चीख पड़ी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पड़ोसी शंकर ने बताया कि गंगाबाई को उसकी मां कौशिल्या ने ने कामकाज को लेकर डांट दिया। इसी से नाराज होकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

# गर्मी से बचने के लिए पूर्ण सावधानी बरती जाए :सीईओ

जनता कनेक्शन



लखनऊ। भीषण गर्मी के दृष्टिगत मतदाताओं को हीट वेव जनित समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को सभी मतदेय स्थलों में जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं। गर्मी से बचने के लिए पूर्ण सावधानी बरती जाए। इस दौरान सभी मतदान कार्मिक व मतदाता हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। तेज धूप से बचाव के लिए टोपी, छाता एवं सर को ढ़कने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा रखें। पानी की बोतल रखें, समय-समय पर आवश्यकतानुसार सादा जल, नींबू पानी या ओ0आर0एस0 का प्रयोग करें।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि मतदान केन्द्रों में शीतल पेयजल, महिला एवं पुरूष के लिए शौचालय, दिव्यांग व वृद्धजनों के लिए व्हील चेयर व कुर्सियों की व्यवस्था की गयी है। पोलिंग स्टेशन परिसर में मतदाताओं की कतार तक छाया की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। लू से बचाव के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल पर पैरामेडिक्स व आशा कार्यकर्ताओं पर्याप्त मात्रा में ओआरएस एवं मेडिकल किट के साथ मौजूद रहें। सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पैरामेडिक कर्मी भी रहे। जनपदों में उपलब्ध आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा को अलग-अलग उपयुक्त स्थानों पर रखा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें आसानी से मतदान केन्द्रों व मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर भेजा जा सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि गर्मी में अत्यधिक चाय, कॉफी या कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन न करें। प्रत्येक मतदान दल को फस्ट-एड किट प्रदान की जाएगी। मतदान दिवस को तेज धूप निकलने से पहले ही मतदाता अधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर पहुंचकर मतदान करें। तेज धूप से बचने व सर को ढ़कने के लिए सूती गमछा या छाते का प्रयोग अवश्य करें तथा पानी पीते रहें।

# इंडी अराजकता, भ्रष्टाचार और कर्फ्यू लगाने वाला गठबंधन : योगी



जनता कनेक्शन

आजमगढ़। सपा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन अराजकता, भ्रष्टाचार और कर्फ्यू लगाने वाला गठबंधन है। वहीं प्रदेश में पिछले सात वर्षों में भाजपा की सरकार में एक भी दंगा नहीं हुआ बल्कि दंगाइयों का राम नाम सत्य हो गया है। आज प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ त्यौहार मनाए जा रहे हैं। देश और प्रदेश में बेटी और व्यापारी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। गरीबों को फ्री में राशन दिया जा रहा है। देश और प्रदेश में जब समान विचारधारा की सरकार होती है तो वह जनता जनार्दन के प्रति संवेदनशील होती है। वहीं समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की सरकार में गरीबों, दलितों, महिलाओं और नौजवानों के लिए कोई संवेदना नहीं थी। इनकी संवेदना माफिया और आतंकवादियों के प्रति थी। यह उनके लिये काम करते थे। इन्होंने आजमगढ़ वासियों के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया था। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में देशवासियों के साथ आजमगढ़ वासियों का सम्मान बढ़ा है। यही वजह है कि पूरे देश में एक आवाज आ रही है, एक ही स्वर गूंज रहा है कि फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। जब 400 पार की बात होती है तो कांग्रेस, सपा, बसपा की हालत खराब हो जाती है क्योंकि जनता कह रही है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आजमगढ़ के फूलपुर पवई में लालगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी नीलम सोनकर के पक्ष में वोट की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश की सुरक्षा की स्थिति काफी खराब थी। उस दौरान देश में आतंकी घटनाएं होती थीं। देश में भय का माहौल था। इसके बावजूद कांग्रेस के लोग चुप रहते थे। वहीं पिछले 10 वर्षों में देश में एक भी आतंकी वारदात नहीं हुई है। आज तो पटाखा भी जोर से फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है। आज देश में आंतकी घटनाओं को अंजाम देने वाला पाकिस्तान अपने ही देश को नहीं बचा पा रहा है। इतना ही नहीं पीओके में लगातार आंदोलन चल रहा है। वहां अव्यवस्था का माहौल है, चारो ओर आगजनी हो रही। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरा कार्यकाल दीजिये, पीओके भारत का हिस्सा होगा। यह सिर्फ मजबूत और दमदार सरकार यानी भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही कर सकती है। ऐसे में आतंकवादियों, माफिया का समर्थन करने वाले, राम मंदिर के विरोधियों की जमानत जब्त करानी है। कांग्रेस के समय में देश में विकास कार्य ठप पड़े थे। वहीं आज देश में वर्ल्ड क्लास हाइवे, एयरपोर्ट, रेलव, मेट्रो, विश्वविद्यालय और मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। समाजवादी पार्टी के समय में खाद्यान्न घोटाला होता था। वहीं आज देश में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो गये हैं। पहले रामभक्तों पर गोली चलती थी, आज उनकी देश और विदेश में आवाभगत होती है। सपा सरकार में अयोध्या में राममंदिर और वाराणसी में संकट मोचन मंदिर पर आतंकी हमला करने वाले आतंकियों के मुकदमे वापस लेने का कुत्सित प्रयास किया गया था। आज आतंकवादियों की रामनाम सत्य है की यात्रा निकल रही है। आज कोई गुंडा और माफिया किसी गरीब, किसी बेटी, किसी व्यापारी की सुरक्षा के लिए खतरा बनने का दुस्साहस नहीं कर सकता। इनके सरगना कह रहे हैं योगी जी को बुलडोजर नहीं चलाना चाहिए, मैं कहता हूं कि चिंता न करो जो बचे हैं वह भी चुनाव बाद पूरा हो जाएगा।

सीएम ने कहा कि जनप्रतिनिधि अच्छा चुनना चाहिए। इस चुनाव में आपको सपा की जमानत जब्त करने का काम करना है। इस अवसर पर सांसद संगीता आजाद, पूर्वांचल विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, विधायक राम विकास चौहान, सदस्य विधान परिषद राम सूरत राजभर, कन्हैया लाल निषाद, अरुण कांत यादव आदि उपस्थित रहे।

## पहले रामभक्तों पर गोली चलती थी, आज आवभगत होती है

आजमगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पिछली सरकारों के दौरान रामभक्तों पर गोलियां चलती थीं, मगर आज अयोध्या में रामभक्तों की आवभगत होती है। सीएम योगी रविवार को मेहनगर में पार्टी प्रत्याशी दिनेश लाल %निरहुआ% के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले आजमगढ़ की पहचान आतंक का गढ़ की बना दी गई थी, देश में कहीं भी आतंकी धमाके होते थे तो आजमगढ़ का नाम आता था, मगर बीते 10 साल में कहीं कोई आतंकी घटना नहीं हुई। आज तो पटाखा भी जोर से फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें आजमगढ़ को अभी बहुत कुछ देना है, इसे एक औद्योगिक सिटी बनाना है। यह फिल्म सिटी का केंद्र बनेगा, जहां से ढेर सारे निरहुआ और आम्रपाली दुबे निकलेंगे। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वो लोग यहां पिकनिक मनाने आ रहे हैं और चुनाव बाद घूमने के लिए इंग्लैंड निकल जाएंगे, क्योंकि वो बड़े लोग हैं। आपको अपने बीच का जनप्रतिनिधि चुनना होगा। सीएम ने वर्तमान सांसद और लोकसभा चुनाव में सांसद प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ की तरीफ करते हुए कहा कि दो साल में निरहुआ ने आजमगढ़ के लिए जितना कार्य किया है, उतना काम कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं कर सकता। आजमगढ़ को लोग शक और अविश्वास की नजरों से नहीं देखते

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे चुनाव को देखें तो ये अब रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच सिमट चुका है। जिन्होंने आपके पहचान पर संकट खड़ा किया था, राष्ट्र की सुरक्षा में सेंध लगाई थी, जिन्होंने हमारे देवस्थलों को अपवित्र बनाने का प्रयास किया, जिन्होंने प्रदेश को आतंक का गढ़ बनाने का प्रयास किया, विकास को बाधित करने का प्रयास किया, ये चुनाव उन्हें जवाब देने का सर्वोत्तम माध्यम है। निरहुआ ने मात्र दो साल में आजमगढ़ की तस्वीर और तकदीर बदलने का प्रयास किया है। यहां दो लेन और फोर कनेक्टिविटी हो चुकी है, महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्याल बन गया है, संगीत महाविद्यालय का निर्माण हो रहा है, एयरपोर्ट भी बन चुका है। अब आजमगढ़ को लोग शक और अविश्वास की नजरों से नहीं देखते, बल्कि आजमगढ़ की पहचान भोजपुरी के सुपरस्टार निरहुआ के संसदीय क्षेत्र के रूप में होती है। इस अवसर पर प्रदेश में मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, दारा सिंह चौहान, बीजेपी प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष कृष्ण पाल, जिला प्रभारी अशोक सिंह, एमएलसी विक्रांत सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

माल लखनऊ (**जनता कनेक्शन**)। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गत 17मई को थाने पर दी गयी तहरीर में आरोप लगाया था, की गांव का रहने वाला युवक16मई की रात्रि में मेरे घर में घुसकर आया और मेरे साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब मैंने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। साथ ही आरोपित की तलाश में जुटी थी जो फरार चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने रविवार को अपने हमराहियों के साथ मुखबिर की सूचना पर आरोपित मसीढारतन के मजरे रामपुर गांव निवासी छोटू उर्फ दिनेश को दोपहर में उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। साथ ही पीड़ित के बयान के बाद दुष्कर्म की धारा भी आयद की है।

# संक्षिप्त समाचार

## सांसद ने मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में किया दौरा,90 प्रति.मतदान की अपील

प्रयागराज।कांग्रेस के नेता अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश अली शनिवार को प्रयागराज पहुंचे।उन्होंने राहुल गांधी एवं कांग्रेस, इन्डिया गठबंधन की संयुक्त जनसभा को सफल बनाने के लिए इलाहाबाद कांग्रेस,गठबंधन उम्मीदवार कुंवर उज्ज्वल रमण को जिताने के लिए मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों मे दौरा किया।नुक्कड़ सभा के माध्यम से सयुंक्त जनसभा को सफल बनाने की अपील की।सांसद कुंवर दानिश अली हज़रत शाह मुहिबउल्लाह इलाहाबादी दादा मियां के खानखाह के सज्जादा नशीन अली मियां के आवास बड़ा दायरा बहादुरगंज भी पहुंचे। हज़रत शाह मुकर्रब उल्लाह अली मियां से मुलाकात की तथा उनके आवास पर मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कुंवर दानिश ने कहा कि आप लोग सयुंक्त जनसभा को सफल बनाने के साथ साथ आप लोग 25 मई को होने वाले मतदान मे इलाहाबाद कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर उज्ज्वल रमण को भारी मतों से जिता कर लोकसभा भेजे यही नही आप लोगों से गुजारिश है कि आप लोग 90त्नमतदान कराने की जिम्मेदारी ले उस दिन मतदान करके घर न बैठे बल्कि मुहल्ले मुहल्ले से मतदान का प्रतिशत ज्यादा से हो, इस पर आप लोगों का फोकस हो यही हमारी आप लोगों से गुजारिश है।उन्होंने कहा कि इस समय कांग्रेस, गठबंधन की लहर है,कांग्रेस इन्डिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है जिसमें इलाहाबाद का प्रतिनिधितत्व जरूरी है।मौके पर तन्मय सौरभ चटर्जी अधिवक्ता प्रदेश महासचिव(यूपी पूर्वी) यूथ कांग्रेस,मोहम्मद फारूकी, उसैद फारूकी, मोहम्मद सादिक, जावेद खान, सैफ पठान, शुभ जायसवाल,विजय शंकर पाण्डेय, मुज्तबा फारूकी, मुबरिज फारूकी,जावेद उर्फी,इरशाद उल्ला, अनस हाशमी,आमिर कुरैशी, कादिर सिददीकी,मोहम्मद अली, अहमद अजीज, मुस्तकीम सिददीकी, इकराम अंसारी आदि लोग मौजूद रहें।

## कार्डधारकों को नहीं मिला राशन

बांदा। अतर्रा कस्बे के विभिन्न सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों में शुक्रवार समेत शनिवार को सर्वर फेल होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बड़ी संख्या में कोटे की दुकानों पर पहुंचे कार्डधारक निराश होकर वापस घर लौटे। शनिवार को कस्बे के नरैनी रोड पर स्थित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर मई महीने का राशन लेने के लिए कार्डधारक महिला, पुरुष की भीड़ उमड़ पड़ी। कोटेदार कैलाश नाथ ने कार्ड धारकों से सर्वर ना चलने की बात कही। कई घंटे इंतजार करने के बाद भी सर्वर ना चलने से उपभोक्ता वापस निराश होकर घर लौट पड़े। कोटेदार के अनुसार नई ई--पास मशीन के द्वारा राशन का वितरण किया जा रहा है। कहा कि यह समस्या पूरे जिले में बनी हुई है।रविवार को यही हाल कस्बे के विभिन्न सरकारी राशन की दुकानों का भी रहा। कार्डधारक रामकली, सतरूपा, अर्चना, अनुराधा, रानी, पुष्पेंद्र, राजू, रामखेलावन, जगदीश, अमिताभ, सहित आदि ने कहा सरकार द्वारा राशन की घटतौली की समस्या से निजात दिलाने के लिए जो व्यवस्था की गई है,वह सराहनीय है, लेकिन मशीनों पर सर्वर ना होने की वजह के कारण कई-- कई दिन तक कोटेदार के चक्कर लगाने को वे मजबूर है।

## कानपुर के भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी का व्यापारियों ने किया जोरदार स्वागत

बांदा। रविवार को संगठन के तीन दिन प्रवास कार्यकम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व कानपुर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सम्मानित रमेश अवस्थी के बांदा आगमन पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री भाजपा के नगर उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता कान्हा के प्रतिष्ठान में सभी व्यापारियों ने माल्यार्पण पगड़ी एवं अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। सम्मानित रमेश अवस्थी ने व्यापारीयों के साथ बैठक कर पुनः मोदी सरकार बनाने की अपील की। तथा व्यापारियों से आवाहन किया की बांदा चित्रकूट लोकसभा के प्रत्याशी आर. के. सिंह पटेल को भारी बहुमत से विजई बनाकर दिल्ली पहुंचाएं सभी व्यापारियों ने एक स्वर में आश्वासन दिया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका राजकुमार राज, व्यापार मंडल के प्रांतीय वरिष्ठ मंत्री मनोज जैन,भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अमित सेठ भोलू, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डा.रामराज गुप्ता आनंद, सुशील अवस्थी,नरेश शुक्ला, राहुल गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, प्रदीप गुप्ता पप्पू भैया सुनील शुक्ला, हिमांशु गुप्ता शुभम गुप्ता सोनू भाई कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## राजनाथ स्कॉलर होम मतदान केन्द्र में करेंगे मतदान

लखनऊ । लखनऊ लोकसभा सीट के लिए सोमवार को मतदान होगा। इस दिन यहां से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को सुबह 9.30 बजे विपुल खंड गोमती नगर स्थित स्कॉलर होम स्कूल में मतदान करेंगे। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि इसके अलावा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक पंकज सिंह भी स्कॉलर होम में सुबह 9.15 बजे और राजनाथ सिंह के छोटे बेटे नीरज सिंह सुबह 10.15 बजे अपने मताधिकार का उपयो करेंगे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग के अनुसार उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सुबह 7.45 बजे प्रेरणा केन्द्र के पीछे मॉल एवेन्यू स्थित लखनऊ मॉन्टेसरी स्कूल में अपना वोट डालेंगे। राज्यसभा सांसद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी इंदिरा नगर के सेक्टर-25 स्थित शेरवुड अकैडमी में सुबह 10.15 बजे, राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा ऐशबाग स्थित गोपीनाथ लक्ष्मण दास रस्तोगी इंटर कॉलेज में सुबह 9 बजे अपना मतदान करेंगे। साथ ही राज्यसभा सांसद संजय सेठ विक्रमादित्य मार्ग पर अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में सुबह 7.15 बजे, राज्यसभा सांसद बृजलाल गोमती नगर विस्तार स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में सुबह 7.45 पर, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सुजानपुरा स्थित मॉडल स्कूल में सुबह 8.30 बजे, लोकसभा चुनाव संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा लालबाग के इस्लामिया इंटर कॉलेज में सुबह 8.30 बजे, पूर्व मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह सुबह 10 बजे माल एवेंयू स्थित मुंसिपल नर्सरी में,महापौर सुषमा खर्कवाल वृंदावन योजना सेक्टर 9 स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल में सुबह 8.15 बजे और विधायक डॉ नीरज बोरा फैजुल्लागंज स्थित सोया फातिमा इंटर कॉलेज में सुबह 7 बजे मतदान करेंगे।

## जैकब ने किया बूथों का निरीक्षण बुनियादी सुविधाओं को परखा

लखनऊ । मोहनलालगंलज और लखनऊ के लिए सोमवार को होने वाले मतदान के मद्देनजर रविवार को कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने विभिन्न मतदान केन्द्रों के बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बुनियादी सुविधाओं को परखा। साथ ही निर्देश दिया कि हर हाल में बिजली, पानी, रैम्प और साफ-सफाई होनो सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त ने आदर्श मतदान केंद्र बटलर क्लब, सीएसआई, ओमेक्स हाईट, एल्डिको, रिवर साइड एकेडमी गोमतीनगर, अवध गर्ल्स पीजी कॉलेज, चिल्ड्रन म्युनिसिपल नर्सरी स्कूल, रेड हिल स्कूल गोखले माग आदि विभिन्न मतदेय स्थल के बूथों का निरीक्षण किया।

## मर्यादा में रहना सिखाती है रामकथा- मारुति नन्दन महाराज




लखनऊ(**जनता कनेक्शन**)।श्री कालेवीर बाबा मन्दिर सेवादार समिति एवं श्री बालाजी सेवा समिति मोहनलालगंज लखनऊ के तत्वाधान में रविवार से नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का शुभारम्भ श्री कालेवीर बाबा मन्दिर प्रांगण में हुआ जिसमें मुख्य यजमान के रूप में समिति के अध्यक्ष हरि गोविन्द मिश्र तथा प्रबन्धक देवेन्द्र पाण्डेय, कोषाध्यक्ष विजय द्विवेदी, सदस्य देवी शंकर त्रिवेदी,बसन्त मिश्र, पत्रकार अखिलेश द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित रहे।कथा व्यास मारुति नन्दन महाराज ने रविवार को प्रथम दिन श्री राम कथा के महत्व की विस्तृत चर्चा करते हुए विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया।卐 राम कथा सुन्दर करतारी, संशय विहंग उड़ावन हारी आदि का संगीतमय गायन करके कथा व्यास ने सभी को भाव विभोर कर दिया। श्रीराम कथा हमें मर्यादा में रहना सिखाती है। साथ ही यह मानव का सही मार्गदर्शन भी करती है। जो मनुष्य सच्चे मन से श्रीराम कथा का श्रवण कर लेता है, उसका लोक ही नहीं परलोक भी सुधर जाता है। कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है और बहुत सत्कर्मों के बाद ही मनुष्य का जीवन मिलता है। कथा व्यवस्थापक कृष्णा नन्द महाराज ने बताया कि यह नौ दिवसीय श्रीराम कथा ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगल के उपलक्ष्य में विगत 10 वर्षो से लगातार होती आ रही है और इसी क्रम में इस वर्ष भी यह श्रीराम कथा हो रही है।

## पटाखा फैक्टरी में लगी आग, एक की मौत, छह से ज्यादा श्रमिक घायल



बिजनौर (**जनता कनेक्शन**)। बिजनौर के रविवार की सुबह एक पटाखा फैक्टरी में विस्फोट होने से आग लग गई। हादसे में एक मजदूर की मौत हुई है जबकि छह से ज्यादा घायल बताए गए हैं। सभी को उपचार के लिए भिजवाया गया।

घटना बिजनौर जिले के कस्बा झालू में गांव गंगोड़ा के जंगल में स्थित एक पटाखा फैक्टरी में तेज धमाके के साथ आग लग गई। आग लगने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो और करीब छह से सात श्रमिक बुरी तरह झुलस गए।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया और घायलों को उपचार के लिए भेजा। वहीं फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। राहत बचाव कार्य जारी है।

बताया गया कि गांव गंगोड़ा के जंगल में एक तिल्ली बम बनाने वाली फैक्टरी स्थित है। ग्रामीणों के अनुसार इस पटाखा फैक्टरी में गांव चिंटू व तेंगे निवासी रसूलाबाद और कुछ श्रमिक पटाखों की पैकिंग करने में लगे हुए थे। इसी दौरान पटाखा में अधिक गर्मी होने से तेज धमाके के साथ आग लग गई।

हादसे में रसूलाबाद निवासी उक्त दोनों श्रमिक समेत कई लोग बुरी तरह झुलस गए, जबकि एक श्रमिक ग्राम गोपालपुर निवासी अमित पुत्र कुलवीर की मौके पर ही मौत हो गई।

तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास क्षेत्र के गांवों के लोग मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिसके बाद दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर बमुश्किल आग पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार झुलसों लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया

## सपा प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री के भाषण पर जताया विरोध

आजमगढ़। अपनी आसान्न हार को देखते हुए बीजेपी का सिर्फ नेतृत्व बोलना कुछ और चाह रहा है और उसके मुंह से निकल कुछ और रहा है आज मुख्यमंत्री माननीय योगी जी आजमगढ़ आए थे और विपक्ष के लिए गुंडा अपराधी और न जाने कौन-कौन से शब्दों का इस्तेमाल किये हैं, बुराई से लैस भाजपा के दशानन दसों दिशाओं में फैले हुए हैं और ये उनको नहीं दिख रहा है, माननीय मुख्यमंत्री जी को एक बार कम से अपने मंत्रिमंडल में झांक लेना चाहिए जिसमें ए डी आर के रिपोर्ट के मुताबिक 49 परसेंट मंत्री गुंडे और अपराधिक छवि के हैं, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक यादव ने कही।उन्होंने कहा कि बात अगर मोदी सरकार की किया जाए तो उसमें लगभग 44: मंत्री गुंडे और आपराधिक छवि के हैं।

## 16 मई के सड़क हादसे का आरोपी फरार

जनता कनेक्शन



लखनऊ। बीते 16 मई को थाना गुड़म्बा में दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई थी जिसमें बाइक घायल हो गए थे ये हादसा उस वक्त हुआ जब सूरज शर्मा के मित्र प्रभाव सिंह व चंदन दीक्षित एक बर्थडे पार्टी में जा रहे थे जैसे ही ये लोग अपनी बाइक यू0पी0 32 पी0 डी0 8289 से वसुंधरा मोड पर पहुंचे तो रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार से मोटर साइकिल यू0पी0 32 एल0 एम0 4875 ने जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते सूरज शर्मा के दोनों मित्र गम्मभीर रूप से घायल होकर वही गिर पड़े स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक उक्त घटना को करित करने वाली बाइक यू0पी0 32 एल0 एम0 4875 का चालक मौके से भागने में सफल रहा । पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक थाना गुडाम्बा के टेढ़ी पुलिया के पास सूरज शर्मा पुत्र राम कुमार रामकुमार निवासी मल्लाही टोला ठाकुरगंज सूरज शर्मा के मित्र प्रभाव सिंह व चंदन दीक्षित दिनांक 16/05/ 2024 को शाम करीब 5.00 बजे मोटर साइकिल संख्या यू0पी0 32 पी0 डी0 8289 से अपने मामा के लड़के के जन्मदिन में टेढ़ी पुलिया से होते हुए कल्याणपुर जा रहे थे जैसे ही वह टेढ़ी पुलिया से वसुंधरा मोड पर पहुंचे सामने से रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार से मोटर साइकिल संख्या यू0पी0 32 एल0 एम0 4875 ने सामने से टक्कर मार दी जिसमे सूरज शर्मा के दोनों मित्र गम्भीर रूप से घायल होकर वही गिर पड़े और मौके से पब्लिक द्वारा दोनों को निकट प्राइवेट अस्पताल भेजा गया और मोटर साईकिल चालक मौके से गाड़ी छोड़कर भाग निकला फिलहाल तहरीर के आधार पर पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर मामले को दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

## अवैध शस्त्र बनाने के नब्बे ठिकानों पर छापेमारी

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 18 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4765 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 27,83,368 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 26,02,067 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 9722 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 9804 कारतूस, 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 579 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 4767 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 185 केन्द्रों को सीज किया गया। 18 मई, को पुलिस विभाग द्वारा सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 13108 लोगों को पाबन्द किया गया।

## आचार संहिता उल्लंघन के डेढ़ सौ मामले दर्ज

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,67,60,634 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 1,03,36,459 तथा निजी स्थानों से 64,24,175 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 11,72,991, पोस्टर के 46,80,359, बैनर के 28,66,047 एवं अन्य 16,17,062 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 9,11,705, पोस्टर के 29,79,519 बैनर के 16,21,317 एवं अन्य 9,11,634 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1280 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्यवाही की गयी।

## सपा के पूर्व मंत्री व नगर विधायक रहे कैलाश चौरसिया की भतीजी भाजपाई बनी

मीरजापुर। रविवार को सपा के पूर्व मंत्री/ नगर विधायक रहे कैलाश चौरसिया की भतीजी पुनम चौरसिया भाजपा का दामन थामा ज्ञात हो कि नगर के प्रसिद्ध उद्योगपति ओम प्रकाश चौरसिया जो कि पूर्व मंत्री के सगे बड़े भाई है की बेटी व राजेंद्र सिसोदिया की पुत्र वधु पूनम ने आज लगभग सैकड़ों समर्थकों के साथ मोदी की विचारधारा व भाजपा के कार्यों से प्रभावित हो भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया । भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के जिला सम्मेलन में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी क्षेत्र एवं मीरजापुर की जिला प्रभारी सरोज कुशवाहा के नेतृत्व में मुख्य अतिथि / मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा कमलावती सिंह व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा कुसुम शर्मा की गरिमामई उपस्थिति में पूनम ने भाजपा का दामन थामा । महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आभा पटेल की अध्यक्षता में यह सम्मेलन सम्पन्न हुआ । जिसमें एनडीए की संयुक्त सांसद प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल भी मंचासीन रहीं ।

पूनम ने बताया कि आज भाजपा ने अपने विकास कार्यों और भविष्य की पुख्ता तैयारी से विपक्ष को मुद्दा विहीन कर दिया है । आज की जनता अब झूठे व कोरे आश्वासन से नहीं वरन राष्ट्रोपयोगी व विकास कार्यों को देखकर अपना चुनाव करती है । उन्होंने भरे मंच से सभी महिलाओं को मोदी जी की कल्याणकारी योजनाओं को गिनाया और बताया कि अब से पूर्व किसी भी प्रधानमंत्री ने केवल महिलाओं का प्रयोग वोट बैंक के रूप में ही किया था,पर आज हम समाज से लेकर सदन तक अपनी स्थिति देख सकते हैं ।चाहे वह तीन तलाक से छुटकारा, अपना मकान, गैस, इज्जत घर, महिला थाना, उचित चिकित्सा के साथ-साथ स्वयं सहायता समूह आदि कितनी योजनाएं सीधे हम महिलाओं को मोदी जी द्वारा मिल रही हैं ।

सम्पर्क कार्यालय : निकट दुबग्गा चौराहा कानपुर रोड लखनऊ

जनता कनेक्शन
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक रवि शंकर अस्थाना द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस, 12/29 पुराना किला, कैंट रोड लखनऊ से मुद्रित तथा 366/006/285 किशोर गंज कैम्पवेल रोड, बालागंज लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाशित
सम्पादक : रवि शंकर अस्थाना
फोन नम्बर : 0522-3192214
www.jantaconnection.in
EMail:jcnews240@gmail.com

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के आधीन होंगे।